Secretary, Mr. Vinay Kohli, in his Ministry was talking to the press and he has been quoted in the 'Economic Times' as saying that the notification regarding decontrol would be issued by the Chemicals Ministry positively before the 15th of May. Today it is already 13th of May. I am raising this issue because the Minister obviously informed Parliament differently and the Joint Secretary in the Ministry has informed the press differently. Either the Minister is wrong or the Joint Secretary is wrong and the Parliament in this particular case is sought to be misled. So, I am asking the Minister to kindly clarify the position because it is a question of propriety and dignity of the Parliament of India.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): Madam, may I say that it was very kind of the hon. Member, when I met him this morning in the House, to have informed me that this item had appeared and he was going to raise it in the House? As soon as he told me, I inquired into this matter and the position is as follows:

This report which has appeared in the 'Economic Times' of today is from the Bombay Bureau of the Newspapers. It does not quote the Joint Secretary, but quotes the industry representative who has told the newspapers that the Joint Secretary had told them that a particular decision would be taken by the 15th of this month. Now, the fact of the matter is as follows:—

On the 11th of this month I met a delegation of the All-India Distillers Association, and at this meeting the concerned Joint Secretary was also present. I must say that neither myself nor, of course, the Joint Secretary at the meeting gave any such assurance. On the same day there was another meeting in which a delegation of the alcohol-based industries, met the Joint Secretary in his office. In this meeting, I learnt from enquiries, and I am satisfied with the enquiries, that the Joint Secretary gave no assurance. Let me say this now that no such decision, namely that a notification would be issued by the 15th of this month, has been taken.

Thank you.

RE. PRESS FREEDOM AND VIABILITY OF LANGUAGE PUBLICATIONS

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): I raise a matter of urgent importance regarding the Press freedom and the viability of language publications.

You know, Madam, English glossy magazines tend to corner all the advertisement revenue. I would like the Government to make a statement on the plagiarism indulged in by "INDIA TODAY" by lifting an article from a Tamil magazine, "NAKKEERAN" and publishing it as its own. Already language papers have a great disadvantage because of the Government's advertisement policy. Therefore, I would like the Government to investigate into this and make a report on the extent of criminality indulged in by "INDIA TODAY" in lifting the article wholesale from the Tamil magazine called "NAKKEERAN", regarding Veerappan, the sandalwood smuggler.

SHRI S. JAIPAL REDDY (Andhra Pradesh): Madam, the Government cannot do anything in the matter.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: I am not asking the Government to do anthing. I am asking the Government to enquire into it.

SHRI S. JAIPAL REDDY: The aggrieved newspaper can always seek legal redress. Dr. Swamy may have his own scores to settle with "INDIA TODAY", but this is not the forum or it... (*Interruptions*).

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have not permitted you yet. Mr. Shiv Pratap Mishra.

RE. ACCIDENT AT DADPUR AND GAURA RAILWAY CROSSINGS

श्री शिव प्रताप मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार और इस सदन का ध्यान रेल मंत्रालय की लापरवाही की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । रेल मंत्रालय की लापरवाही के कारण कल उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में दादुपुर और गौरा रेलवे क्रासिंग पर नीलांचल एक्सप्रेस की चपेट में बारात से भरी एक जीप आ गई, जिसमें 12 लोगों की तुरन्त मृत्यु हो गई और दो लोग घायल पड़े हुए हैं । उस पर एक फाटकी भी बनी हुई है, लेकिन उसका दरवाजा कई बार लिखने के बावजूद भी अभी तक नहीं लगा है । मैं आपसे आग्रह करूँगा कि जो मर गये हैं, उनको मुआवजा दिया जाये और दूसरे जहां वह फाटकी नहीं लगी है, उसको तत्काल लगवाया जाए ।

RE. DEMAND OF INQUIRY INTO THE ASSASSINATION OF A HINDU RAKSHA SAMITI ACTIVIST AT DODA IN J&K

श्री विष्णु कान्त शास्त्री (उत्तर प्रदेश) : मैं आपके माध्यम से बहुत ही गम्भीर घटना की ओर माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । माननीय गृह मंत्री जी से मिलकर भारतीय जनता पार्टी के चार सांसद डोडा जिले की स्थिति पर विचार करने के लिए गये थे । हम लोगों ने आकर अपनी संक्षिप्त रिपोर्ट माननीय गृह मंत्री जी को दी थी । उसके बाद हम को यह दुखनाक खबर मिली है कि हमारे वहां के विशिष्ट कार्यकर्ता जो हिन्दू रक्षा समिति का मंत्री था, सतीश भण्डारी और जिसने वहां हमारी सभा कराई थी, की हत्या कर दी गई । यह हत्या इतनी दर्दनाक है कि उस हत्या के कारण पूरा क्रिस्टवा बन्द है पूरा भदरवा बन्द है, जम्मु बन्द है । माननीय गृह मंत्री जी यहां मौजूद हैं, मैं आपके माध्यम से उनसे मांग करता हूं कि इसके विशेष जांच कराकर एक रिपोर्ट यहां दें । व यहां के सांसद वहां जायेंगे वहां की स्थिति के निरीक्षण के लिये और उस निरीक्षण करने में जो मदद पहुँचायेगा, उसकी हत्या कर दी जायेगी, तो यह सरकार कैसे चलेगी, यह देश कैसे चलेगा ? मैं गृह मंत्री जी से आश्वासन चाहता हूं कि वह इसकी जांच कराकर यहां उत्तर देंगे ?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): Madam, I will make enquiries into the matter and, if possible, because just one day is left. I will try to come before the House.

RE. SEIZURE OF ILLEGAL SOPHISTICATED ARMS AND AMMUNITION FROM A CONTAINER AT PRAGATI MAIDAN

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : पिछले दिनों प्रगति मैदान के कंटेनर डिपो से बाहर अमरिका की एक कम्पनी से सामान आया था दायर आर्म्स का, जो सोफिस्टकेटेड और माडर्न था, बहुत संख्या में बरामद हुआ है । मैं इस संबंध में गृह मंत्री जी से जानना चाहुगा कि इस सरकार ने आज तक क्या कार्यवाही की ? इस सदन में मैंने पहले भी यह बात उठाई थी ? इस सदन में मैंने पहले भी उठाया था और आपने निर्देश भी दिया था कि सरकार इस बारे में गम्भीरता से सोचे, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चला है । आतंकवादियों की गतिविधियां बढ रही हैं । बाहर से भारत की एक कम्पनी ने स्क्रप के नाम पर इतना सामान आयात किया है । इस संबंध में सरकार को चाहिए कि सदन को अवगत करे कि क्या स्थिति है । वह सामान ठीक है या नहीं और कौन सी कम्पनी ने मँगाया है और मंगाया है तो सरकार ने क्या कार्यवाही की है ? यह दिल्ली का मामला है, बाहर का मामला नहीं है । दिल्ली में प्रगति मैदान का

मामला है। इसलिए मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस संबंध में गृह मंत्री जी जरा ध्यान दें। कंटेनर डिपो पर बहुत सारा सामान स्क्रेप के नाम पर आया है और जिसकी रसीद भी बनी है। उसके संबंध में मैं जानना चाहता हूं कि सरकार ने अब तक क्या किया है, वस्तु स्थिति क्या है? सरकार स्थिति स्पष्ट करे कि उसने क्या कार्यवाही की है।

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): Madam, the whole thing is being investigated. Unless we get all the details, it will not be proper on my part to say anything about the investigation or to say at what stage it is.

RE. DELAY IN BROADCASTING THE NEWS ABOUT THE PASSING AWAY OF NOTED HINDI POET SHAMSHER BAHADUR

श्रीमती वीणा वर्मा (मध्य प्रदेश): महोदया, मैं सिर्फ आधा मिनट लूंगी। मैं यह कहना चाहती हूं कि आल इंडिया रेडियो का पहला काम जनता को सूचना देना है। लेकिन हमारे आधुनिक साहित्य के शिखर और वरिष्ठ कवि शमशेर बहादुर जी का निधन कल 4 बजे सुबह अहमदाबाद के एक नरसिंग होम में हो गया। उनको साहित्य अकेदमी पुरस्कार भी मिला था और मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार मध्य प्रदेश में मिला था और उनको कबीर सम्मान भी मिला था। उनकी मृत्यु की सूचना रेडियो ने 12 घंटे बाद दी जब कि सूचना कई लोगों ने वहां पहुंचा दी थी, दिल्ली के संवाददाता ने पहूंचा दी थी और सूचना आ चुकी थी। 11 बजे यहां दिल्ली के संवाददाता ने कहा तो यह कहा गया कि हम सिर्फ अहमदाबाद के संवाददाता का ही समाचार देते हैं। अहमदाबाद रेडियो स्टेशन के डायरेक्टर ने भी दिल्ली केन्द्र के निदेशक को फोन पर सूचना दी, लेकिन उसके समाचार को भी दिन भर प्रसारित नहीं किया गया। एसा क्यों हुआ? यहां पर सिर्फ यह रूल क्यों है कि अहमदाबाद के क्षेत्रीय संवाददाता का ही समाचार देंगे, तब ही रेडियो और दूरदर्शन प्रसारित करेंगे? वह संवाददाता दिल्ली में हैं। मैं चाहती हूं कि इस लापरवाही और उपेक्षा की जांच की जाये... (व्यवधान)।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, if we keep on linking things, I won't be able to run the House.

अब आप सिर्फ तारीफ कीजिए।

Mr. Hanumanthappa, I do respect your opinion, but the thing is....

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka): Madam, I will take only one minute. While associating with Veena Ji on the functioning of AIR, I would like to say that we have a radio station in our place. Its programmes cannot be heard anywhere. Even in my own place, I cannot listen to their programme. I brought this to the notice of the Information & Broadcasting Ministry. They are helpless. Why should they have a radio station at all, if the people in the same State and in the same district cannot hear its programmes? Why are they maintaining such a radio station? Nobody can listen to their programmes. Will the Minister, please, take note of it?

AN HON. MEMBER: You want it should be closed down?

SHRI H. HANUMANTHAPPA: No, I do not want it to close down. If it has been opened, it should be useful to the people. People must be able to listen its programmes.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Hanumanthappa you have been specially allowed, because it is your birthday today. So, we have given it as a gift.

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल): महोदया, मैं भी इसी संदर्भ में कहना चाहती हूं जो बात माननी य वीणा जी ने कही है। मैं शमशेर बहादुर जी की कविता की दो पंक्तियां उद्धृत करना चाहती हूं और रेडियो पर टिप्पणी करना चाहती हूं। उन्होंने कहा था——

बात बोलेगी, हम नहीं,
भेंट होने की बात थी।

[श्री ति स ल मी श्वरी]

इस टिप्पणी के साथ मैं कहना चाहती हूं और आशा करती हूं कि हिन्दी के इतने बड़े कवि जिन्होंने हिन्दी साहित्य का अध्ययन रचा था, इतने बड़े कवि के प्रति हमारे मिडिया ने उपेक्षा का रवैया अपनाया मैं समझती हूं कि यह हमारे लिए सुरक्षित नहीं है। हमारे सूचना और प्रसारण मंत्री इस तरफ ध्यान दें और आगे ऐसी लापरवाही न करें।

विपक्ष के नेता (श्री सिकंदर बख्त) : मेडम, आज हनुमान प्पा जी का बर्थ डे है। सब की तरफ से उनको मुबारकबाद होना चाहिए, आपकी तरफ से भी होनी चाहिए।

†نیتا ورودھی دل (شری سکندر بخت): میڈم آج ہنومنتھیا جی کا برتھ ڈے ہے۔ سب کی طرف سے ان کو مبارکباد ہونا چاہیے۔ آپ کی طرف سے بھی ہونی چاہیے۔

उपसभापति : मैंने कह दिया है। I congratulated him on his birthday and have also given him a present by allowing him to speak.

श्री सिकंदर बख्त : बहुत बहुत मुबारकबाद।

†شری سکندر بخت: بہت بہت مبارکباد۔

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : हमारे एक और माननीय सदस्य श्री शिव चरण सिंह जी का भी आज जन्म दिन है।

उपसभापति : शिव चरण सिंह जी आपको भी मुबारक हो। पर प्रेजन्ट तो नहीं मांग रहे हैं ना?

---

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

STATUTORY RESOLUTIONS SEEKING APPROVAL OF THE CONTINUANCE IN FORCE OF PRESIDENTS PROCLAMATIONS UNDER ARTICLE 356 IN RELATION TO (1) UTTAR PRADESH, (2) MADHYA PRADESH, (3) RAJASTHAN AND (4) HIMACHAL PRADESH.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now we will take up Statutory Resolutions. Shri S. B. Chavan.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): Madam Deputy Chairman,...

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : महोदया, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

उपसभापति : आपका व्यवस्था का प्रश्न किस विषय में है?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मेरा व्यवस्था का प्रश्न इसी विषय में है।

महोदया, मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि जो परिनियम और संकल्प मध्य प्रदेश के संबंध में है, उसके संबंध में मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। राष्ट्रपति जी ने जो उद्घोषणा संविधान के अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत, 15 दिसम्बर, 1992 को जारी की थी, उस उद्घोषणा को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया था और उसने इसके कारण दिये थे, जिन पर जाने की इस समय आवश्यकता नहीं है। मेरा निवेदन है कि आमतौर पर जो न्यायालय का आदेश और निर्णय है, सरकार उसको मानती है, इसलिये जो मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है, उसको सरकार को मान लेना चाहिए। जब मध्य प्रदेश...

उपसभापति: यह तो आप जब इस पर बोलेंगे तब बोल दीजिए। यह... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि यह परिनियम और संकल्प जो है, यह प्रस्तुत ही नहीं

किया जा सकता है। मेरा कहना है कि मध्य प्रदेश के संबंध में जो परिनियम और संकल्प गृह मंत्री जी प्रस्तुत करने जा रहे हैं, यह प्रस्तुत ही नहीं किया जा सकता है और इसके मैं कारण बता रहा हूं। जो उदघोषणा राष्ट्रपति जी ने जारी की थी, 15 दिसम्बर, 1993 को मध्य प्रदेश के संबंध में, उस राष्ट्रपति की उद्घोषणा को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने अवैध करार देकर उसको निरस्त कर दिया है। इसलिए मध्य प्रदेश के संबंध में यह परिनियम और संकल्प गृह मंत्री जी प्रस्तुत नहीं कर सकते।... (व्यवधान)

उपसभापति : मंत्री जो जवाब देंगे।

SHRI S. B. CHAVAN: Madam, in the case of Madhya Pradesh, the judgement given by the Jabalpur Bench of the Madhya Pradesh High Court has been stayed by the Supreme Court and there is no bar in extending the President's rule as we are doing it in the case of the other States also.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: It may not be illegal. But it is irregular and improper.

श्री हेच० हनुमन्तप्पा : भाषण में बोलिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : इसको ही छोटा सा भाषण मान लीजिए।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Since the Supreme Court has given the stay order, let us do the proper business.

SHRI SIKANDER BAKHT: Madam, it does not mean that they have negatived the judgement of the Jabalpur Bench of the Madhya Pradesh High Court.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Even if it is in the Supreme Court, we have to give our approval for extension of President's rule. Home Minister boliye... (*Interruptions*)...

जब आप बोलें तब आप आर्ग्युमेंट दीजिए। मैं कहां आपको मना कर रही हूं।

SHRI S. B. CHAVAN: Madam Deputy Chairman, I move the following Resolution:—

"That this House approves the continuance in force of the proclamation issued by the President on the 6th December, 1992 under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Uttar Pradesh, for a further period of six months with effect from the 6th June, 1993."... (*Interruptions*)...

उपसभापति : आप बैठिए ना। भाषण में यह बात बोलेंगे तो अच्छा लगेगा। आपकी पार्टी का टाइम है।

SHRI S. B. CHAVAN: Madam Deputy Chairman, I move the following Resolution:—

"That this House approves the continuance in force of the proclamation issued by the President on the 15th December, 1992 under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Madhya Pradesh, for a further period of six months iwth effect from the 15th June, 1993."

Madam, I move the following Resolution:

"That this House approves the continuance in force of the proclamation issued by the President on the 15th December, 1992 under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Rajasthan, for a further period of six months with effect from the 15th June, 1993."

Madam, I move the following Resolution:—

"That this House approves the continuance in force of the proclamation issued by the President on the 15th December, 1992 under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Himachal Pradesh, for a further period of six months with effect from the 15th June, 1993."

As the House is aware, the President was pleased to issue a proclamation under article 356 of the Constitution imposing President's rule in Uttar Pradesh on 6th

[Shri S. B. Chavan]

December, 1992. Similar proclamations were issued on 15th December, 1992 in respect of the States of Madhya Pradesh, Himachal Pradesh and Rajasthan. The Legislative Assemblies of all the four States have been dissolved.

The proclamations imposing President's rule in Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Himachal Pradesh and Rajasthan were approved by this august House on the 21st December, 1992 and on 23rd December, 1992 by the Lok Sabha. The proclamation in relation to the State of Uttar Pradesh shall cease to operate on 5.6.1993 whereas the proclamations in relation to the States of Madhya Padesh, Himachal Pradesh and Rajasthan shall cease to operate on 14.6.1993. As the hon. Members are aware, under clause (4) of article 356 of the Constitution, a Proclamation issued by the President and duly approved by the Parliament shall, unless revoked, cease to operate on the expiration of a period of six months from the date of issue of the Proclamation, provided that if and so often as a Resolution approving the continuance in force of such a Proclamation is passed by both the Houses of Parliament, the Proclamation shall, unless revoked, continue in force for a further period of six months from the date on which under this clause it would otherwise have ceased to operate.

We have made a careful and critical assessment of the situation prevailing in these four States to determine if elections could be held without any further extension of the period of President's rule. It is found that the internal security and the law and order situation in these States, though under control, is still fragile. As the hon. Members are aware, the Ayodhya incident of 6th December, 1992 had triggered off a chain reaction in various parts of the country including in these four States. This had resulted not only in loss of lives and properties but also in a general heightening of the communal tension. Following the imposition of President's rule in these States and the decision of the Union Government to ban certain communal organisations, the fall out of the Ayodhya incident was contained by firm action against communal and fundamentalist elemehts from both the communities. There forces are presently lying low and have not been altogether curbed. It is our assessment that, in the event of elections being held in these States in the immediate future, communal passions woud inevitably be aroused by political parties leading to confrontation and clashes between the communities. The communal divide created by the riots had left deep scars on the psyche of the people. While sincere efforts are being continuously made to repair the damage and bridge the divide, any announcement of holding elections at this juncture is bound to cause a set-back to the process of normalisation which has been set in motion by the administration of these States.

The process of toning up of the administration and purging the administrative set-up of certain communal elements which had taken roots has been initiated in right earnest in these States and it would require some time before the same is completed.

In view of the obtaining position, as briefly described by me, it is our honest assessment that the process of normalisation and consolidation in these States should not be allowed to be affected in the middle by diverting popular attention to the electoral process. Besides, the very process of electioneering, in the event of elections being announced, would most certainly arouse and incite communal passions which could pose a grave threat to the still delicate communal situation in these States.

We, therefore, propose that President's rule in these States may be continued for a further period of six months with effect from 6th June 1993 in respect of Uttar Pradesh and 15th June 1993 in respect of Madhya Pradesh, Himachal Pradesh and Rajasthan.

I would like to assure hon. Members that restoration of popular rule in these States shall not be delayed a day longer than what is absolutely necessray.

I solicit the approval of this august House to the Resolutions moved by me.

The questions

THE DEPUTY CHAIRMAN: There are four amendments by Shri S. S. Bhandari. I would ask him to move them without speaking on them.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान) : उपसभापति महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि--

(i) उत्तर प्रदेश राज्य के संबंध में संकल्प सँख्या 1 में "छः माह" शब्दों के स्थान पर "तीन माह" शब्द प्रतिस्थापित किये जायें।

(iii) राजस्थान राज्य के संबंध में संकल्प संख्या 3 में "छः माह" शब्दों के स्थान पर "तीन माह" शब्द प्रतिस्थापित किये जायें।

(iv) हिमाचल प्रदेश राज्य के संबंध में संकल्प संख्या 4 में "छः माह" शब्दों के स्थान पर "तीन माह" शब्द प्रतिस्थापित किये जायें।

उपसभापति महोदया, मैं अपने संशोधन क्रमांक (i), (iii) और (iv) मूव कर रहा हूं उत्तर प्रदेश के संबंध में पहला, राजस्थान के संबंध में तीसरा और हिमाचल प्रदेश के संबंध में चौथा। मेरा दूसरा संशोधन, मालवीय जी ने अभी जिस पर आपत्ति उठाई है, मैं सही मानता हूं कि जबलपुर हाई कोर्ट का जजमेंट क्वेश न होने तक केवल स्टे दिया गया है। इसलिए जैसे ही सुप्रीम कोर्ट उस जजमेंट के बारे में अपनी राय देगी केन्द्र सरकार बाध्य है वहां पर उस जजमेंट को कार्यान्वित कराने के लिए और इसी आधार पर मैं अपना संशोधन पेश नहीं कर रहा हूं।

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : उपसभापति महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं --

(v) That in the Resolution No. 4 regarding the State of Himachal Pradesh, for the words "six months", the words "two months" be substituted.

(vi) That at the end of the said Resolution, the following be added; namely:--

"and recommends that elections to the State Legislative Assembly shall be held before the expiry of the said period of two months."

एक तो यह जो प्रस्ताव में राष्ट्रपति शासन के लिए 6 महीने का और समय मांगा है मैं चाहता हूं कि उस समय को कम करके केवल दो महीने रखा जा। वैसे तो गृह मंत्री जी वहां खुद हो करके आये हैं ला एण्ड आर्डर की सिचुएशन वहां न तो पहले खराब थी और न अब है। वहां तो तुरंत चुनाव हो सकते हैं। क्यों नहीं हो रहे हैं यह समझ में नहीं आता है। इसलिए मेरा एक संशोधन यह है कि समय ज्यादा लेने की जरूरत नहीं है, वहां तुरन्त चुनाव करवाये जाएं। दो महीने का समय ज्यादा है। फिर सरकार को यह निर्देश दें कि वह किसी भी प्रकार से इसमें और देरी न करके और इस समय के अंदर ही वे चुनाव करवायें जायें। मैं यह दोनों संशोधन इस प्रस्ताव के अंदर प्रस्तुत करता हूं।

उपसभापति : श्री सत्य प्रकाश मालवीय जी के चार अमेंडमेंट हैं, हर एक रिजोल्यूशन पर एक। तो आप मूव कर दीजिए।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं कि--

(i) उत्तर प्रदेश राज्य के संबंध में संकल्प संख्या 1 में "छः माह" शब्दों के स्थान पर "एक माह" शब्द प्रतिस्थापित कर दिये जाएं।

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

(ii) "मध्य प्रदेश राज्य के सम्बन्ध में संकल्प संख्या 2 में "छः माह" शब्दों के स्थान पर "एक माह" शब्द प्रतिस्थापित किये जायें।"

(iii) "राजस्थान राज्य के सम्बन्ध में संकल्प संख्या 3 में "छः माह" शब्दों के स्थान पर "एक माह" शब्द प्रतिस्थापित किए जायें।"

(iv) "हिमाचल प्रदेश राज्य के संबंध में संकल्प संख्या 4 में "छः माह" शब्दों के स्थान पर "एक माह शब्द प्रतिस्थापित किये जायें।"

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, all the amendments are moved. Now, we will have the discussion started. Shri Sunder Singh Bhandari.

आपके 22 मिनट हैं पार्टी के टाइम के, आपके यहां से सिर्फ दो नाम दिये हैं। समय की कमी है इसलिए मैं आपसे निवेदन करूंगी कि आप समय की सीमा में ही बोलें। 22 मिनट में एक बोलें या दो बोलें। कोई बात नहीं है।

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : सारा समय भंडारी जी का है।

उपसभापति : 22 मिनट में अकेले बोलें हमको कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : उपसभापति महोदया, सरकार की तरफ से 6 महीने का समय और बढ़ाने के लिए जो प्रस्ताव है उसमें नया कोई कारण नहीं है। जल्दबाजी के अंतर्गत जो इन राज्य सरकारों और विधान सभाओं को भंग करने के लिए कदम उठाया गया था, एक पूरा समय बीत जाने के बाद भी सरकार की तरफ से ऐसा कोई प्रमाण, ऐसा कोई आधार या कोई नई सूचना वहां की परिस्थितियों के सम्बन्ध में नहीं है जिसके आधार पर यह माना जा सके कि वहां की सरकार संवैधानिक तरीके से अपने उत्तरदायित्व को पूरा नहीं कर रही थीं। ऐसा कोई तर्क न उस समय दिया गया न आज दिया गया है। उस समय के दिये गये तर्कों के आधार पर मैं तो केवल जबलपुर हाई कोर्ट के फैसले के कुछ अंश ही यहां पर पढ़ना चाहूँगा बिना किसी टिप्पणी के। मैं कोट करता हूं। पैराग्राफ 24 में कोर्ट ने कहा है :

"The Union of India has not been able to support on any material produced before us the imposition of the President's rule only in the States ruled by the Bhartiya Janata Party."

पैराग्राफ 25 में कहा है :

"There was no occasion to raise any inference of failure of constitutional machinery under article 365 of the Constitution because there were no Central directives which were disobeyed or disrespected by the State of Madhya Pradesh. In the report of the Governor, there is no specification of alleged deeds or misdeeds of the State Government in meeting the law and order situation in the State."

पैराग्राफ 26 मे कहा है :

"Incapacity or helplessness of a State to meet a threat to public order or peace is not a permissible ground unless it results in non-functioning of the Government in the State."

और उसी पैराग्राफ में है :

The learned commentator, Mr. Basu, in his Silver Jubilee Edition of his book-Commentary on the Constitution of India —Volume I at page 32, has the following comments to make.

"The broad category of improper use of the extra-ordinary power is where it is used for political purpose...

"...against a State Government which does not belong to the party in power at the Union or to secure the purpose of forming a Government of their own in a particular State taking advantage of fortuitous circumstances."

इसी के अन्त में इसीलिये कोर्ट ने इस प्राक्लेमेशन को वायड घोषित किया है।

In para 36 it is stated

"The entire proclamation in our opinion being based on the grounds not material and warranted for invoking the extraordinary powers of the President under Article 356 of the Constitution, a proclamation and along with the action of dissolving the Assembly should fall with it."

In para 37 they say

"The Presidential proclamation dated 15.12.92 is hereby quashed all consequential effects thereon shall follow."

मैं समझता हूं कि अदालत की इस स्ट्रिक्चर के बाद सरकार की जो नीयत रही है भारतीय जनता पार्टी की सरकारों को भंग करने की और विधान सभाओं को भंग करने की, इससे ज्यादा मुझे अपनी तरफ से कहने की जरूरत नहीं है।

इन सरकारों के भंग होने के बाद भी मुझे अच्छी तरह से याद है, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और शुरू-शुरू में मध्य प्रदेश के भी कांग्रेस के नेताओं ने जल्दी से जल्दी चुनाव कराने की मांग की थी। अभी तक, कल तक वहां के गवर्नर भी यही कहते रहे हैं कि सिचुएशन पोलिटिकल दृष्टि से, ला एंड आर्डर की दृष्टि से बिल्कुल ठीक है। हां उन्होंने यह जरूर कहा है कि अभी मनोवैज्ञानिक दृष्टि से ठीक नहीं है। उनका कहना है कि शायद अभी तक राम का असर खत्म नहीं हुआ है और वह तब तक इंतजार करेंगे चुनाव कराने के लिये जब तक राम का असर लोगों के दिमाग से खत्म नहीं होता।

अब मैं नहीं जानता कि कितने छह महीने यह केन्द्र सरकार राष्ट्रपति शासन को बढ़ाने के लिए लेना चाहती है, लोगों के दिमाग से राम का असर खत्म करने के लिए। हमारी तो ऐसी मान्यता है कि हमारी समाज की लाखों पीढ़ियां बीत गईं, जो जिंदगी भर राम का नाम लेकर ही अपना सारा जीवन कार्य चलाती है, अपने जीवन को सदाचार और कर्तव्य के पथ पर अग्रसर करने की प्रेरणा प्राप्त करती है और मैं नहीं समझता कि किसी भी लंबे से लंबे समय तक बढ़ाया जाने वाला राष्ट्रपति शासन इन राज्यों में से या हिन्दुस्तान भर में राम की महिमा को खत्म कर पायेगा।

आजकल धर्म का नाम और जोड़ा जा रहा है। अब धर्म के बारे में कानून बनाने की बातें हो रही हैं। सत्य बोलना धर्म है, चोरी न करना धर्म है, रिश्वत न लेना धर्म है, भ्रष्टाचार न करना धर्म है। धर्म पर कानून बनाकर क्या आप इन सब चीजों के लिये ओपन जनरल लाइसेंस देना चाहते हैं। तब तो बात समझ में आ सकती है कि आप हिन्दुस्तान के सर्व-साधारण जन-समाज को किस रास्ते पर बढ़ाना चाहते हैं। यहां धर्म मोड आफ वरशिप नहीं है, यहां धर्म कोड आफ कांडक्ट है और जिस देश में कोड आफ कांडक्ट पर कुठाराघात होगा, वह देश क्या, वह सारा समाज पाताल लोक में जाने के अतिरिक्त उसको कोई जगह नहीं बचेगी।

आज सिंगल प्वाइंट प्रोग्राम सरकारी पार्टी के लोगों ने चारों राज्यों में ले रखा है। इन गवर्नरों को बदलो, इनको हटाओ और गवर्नर भी आज वहां पर केवल एक काम कर रहे हैं—ट्रांसफर्स और पोस्टिंग्ज का और यह बड़ा लुकरेटिव धंधा हो गया है और शायद इसलिये शिकायत है कि भागेदारी ठीक नहीं दे रहे यह लोग, यह गवर्नर, इसलिये इनको बदल कर दूसरे गवर्नर ले आओ। हमारी इच्छा से ले आओ ताकि जो धंधा आजकल चल रहा है, बड़ा फायदे का धंधा है, कोई काम-काज नहीं करना पड़ता और उसमें हिस्सेदारी मिलने लग जाय तो फिर यह दूसरे गवर्नर लाकर और यहां गवर्नर का राज चलाया जाय। मैं नहीं जानता केन्द्र सरकार क्यों अपने ही दल के लोगों की इस सद्इच्छा को कि ये चारों गवर्नर बदल दिए जायें इसमें इतनी देरी क्यों कर रही है, कम से कम एक धंधा तो ठीक ढंग से चालू हो जायेगा। उसको उन्हें शुरू करवा देना चाहिये।

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

काम क्या हो रहे है ? हिमाचल प्रदेश में कई आफिसर्ज के खिलाफ केसेज चल रहे थे और गवर्नर साहब ने इन सारे के सारे केसेज को विदा करवा दिया । क्यों करवाया ? राजस्थान में 13 म्युनिसिपेलिटी के चेयरमैन के खिलाफ करप्शन केसेज चल रहे हैं। एक नोटिफिकेशन से इन सारे 13 सस्पेंडेड म्युनिसिपल चेरमैन को, जिनके खिलाफ करप्शन के केसेज थे, बाय ए सिगल नोटिफिकेशन सब को री-इनस्टेट कर दिया गया । अदालत में मामला गया और वे सारे के सारे री-इनस्टेट करने के आदेश स्टे हो गये । अब यह यही काम आजकल करने का बचा है ? वहां के तीन वाइस चांसलर को रिमूव कर दिया राजस्थान के गवर्नर ने, चौथे वाइस चांसलर को चार्टशीट दिया है । हिमाचल प्रदेश की हिमाचल यूनिवर्सिटी के दो मेंबर जो बी.जे.पी. के थे, उनको हटाकर दो कांग्रेस के मेंबरों को रख दिया गया है । साफ - साफ है कि आज आप क्या करवाना चाहते हैं ? क्या वहां पर यही शासन है ? अगर इसी तरह का शासन चलना है तो फिर इस गवर्नर शासन में कौन सी व्यवस्थायें सुधरेंगी इसका हिसाब लगाना चाहिये ? राजस्थान में खादी बोर्ड के चेयरमैन श्री मानिक सुराना को हटा दिया गया । उन्होंने केस लड़ा और कोर्ट से उनको फिर री-इनस्टेट कर दिया । अब यह गवर्नर का काम केवल इलेक्टेड रिप्रेजेंटेटिव्ज के आधार पर अगर यही करना रह गया है तो फिर यह विचार करने की बात है ? यहां मैं एक बात और कहना चाहता हूं । कई इंटर-स्टेट डिस्प्यूट्स हैं रिवर वाटर डिस्प्यूट्स हैं । रिवर वाटर डिस्प्यूट्स में इलेक्टेड गवर्नमेंट के रिप्रेजेंटेटिव्ज चीफ मिनिस्टर्ज बैठते हैं। (**व्यवधान**) मेरा समय अगर मुझे मिल जाय तो मुझे कोई आपत्ति नहीं ।

I am prepared to surrender. Madam, I am prepared to surrender if you allow me time.

उपसभापति : क्या बात है ? आप क्या कह रहे हैं ?... (**व्यवधान**)

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश): राजस्थान में खादी बोर्ड का चेयरमैन क्या इलेक्टड रिप्रेजेंटेटिव था, यह मैं जानना चाहता हूं ? ... (**व्यवधान**) राजस्थान के खादी बोर्ड का चेयरमैन क्या इलेक्टेड रिप्रेजेंटेटिव था ?... (**व्यवधान**)

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : उन्हीं के ऊपर क्यों आपको आपत्ति आ गई ?... (**व्यवधान**)

श्री राम नरेश यादव : मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या इलेक्टेड को हटा दिया गया ? ... (**व्यवधान**)

उपसभापति : नहीं, वह खाली यह पूछ रहे हैं कि क्या वह इलेक्टेड थे । (**व्यवधान**)

श्री राम नरेश यादव : जो आपने कहा कि इलेक्टड रिप्रेजेंटेटिव को हटा दिया तो मैं यह जानना चाहता था कि क्या राजस्थान खादी बोर्ड के चेयरमैन इलेक्टेड रिप्रेजेंटेटिव थे ?

श्री सुदर सिंह भंडारी : नोमिनेटेड थे । हटा दिया गया और इसीलिये कोर्ट ने उनको री-इनस्टेट किया । ... (**व्यवधान**) वह सारे हटा दिये गये । ... (**व्यवधान**)

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Madam, Yadavji is a socialist but they are fundamentalists.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : मुझे यही निवेदन करना है कि जो इंटर-स्टेट वाटर डिस्प्यूट्स के बीच में जिन बातों पर चर्चा हो रही है, इन सरकारों के इलेक्टेड रिप्रेजेंटेटिव के पहले कोई फाइनल डिसीजन नहीं होना चाहिये । यहां पर मैं राजस्थान के गवर्नर को इस बात के लिये बधाई देता हूं कि उन्होंने

उस फाईनल एग्रीमेंट पर दस्तख्त करने के लिये मना कर दिया । उन्होंने कहा कि इलेक्टेड रिप्रेजेंटेटिव करेगा । नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल में मध्य प्रदेश और राजस्थान के चीफ मिनिस्टर्स जाया करते थे, गवर्नर इज नो सब्स्टीट्यूड फार दीज काउंसिल्स, इसलिये चुनी हुई सरकारों के प्रतिनिधियों के माध्यम से ही इन सवालों पर फैसला होना चाहिये, इन सवालों पर विचार किया जाना चाहिये । उप सभापति जी, उत्तर प्रदेश में कई मामले इस समय बीच में अटक गये हैं जिनमें उत्तरांचल का एक सवाल है जिसे कि वहां की सरकार ने प्रस्तावित करके आपको भेजा हुआ है और आपकी आपत्तियों के जवाब भी वह दे चुके हैं जुलाई, 1992 में, मैं यह चाहूंगा कि केन्द्र सरकार को आज जब कि वहां गवर्नर का शासन है, कम से कम अब तो जब वॉल केन्द्र के कोर्ट में हैं, इस उत्तरांचल के गठन के सवाल पर जल्दी कार्यवाही शुरू करनी चाहिये ।

उपसभापति जी, इन दिनों यह एक आदत बन गयी हैं गवर्नर्स के शासन में कि पिछले चार महीनों में क्या हुआ, क्या नहीं हुआ, इस संबंध में गवर्नर्स के फोटों सहित अखबारों में फुलपेज एडवर्टाइजमेंटस आ रहे हैं । शायद चीफ मिनिस्टर्स भी इस काम को करते हुये शरमा जाते होंगे, तो आजकल गवर्नर की पोस्ट और इलेक्टेड रिप्रेजेंटेटिव की पोस्ट में अगर अन्तर न रखा गया और उनके सारे कोड आफ बिहेवियर को डिटरमाइन करने के लिये यहां से गाइड लाइन्स नहीं दी गयी तो मेरा ऐसा मत है कि शायद फिर यह अच्छी परम्परा नहीं होगी ।

उपसभापति जी, हिमाचल की रायल्टी का सवाल सरकार के पास पेंडिंग है । उनकी वाजिब मांग है कि अगर बिजली और पानी हिमाचल से लिया जा रहा है, दूसरे स्टेट को उसका फायदा मिल रहा है तो जिस प्रकार दूसरे नेचुरल रिसोर्सेस का एडवांटेज स्टेटस को मिलता है, हिमाचल को भी रॉयल्टी का पैसा मिलना चाहिये । उपसभापति जी, वहां पर कई वेलफेयर स्कीम्स चल रही थीं । हां, बी०जे०पी० की शांता कुमार सरकार ने उनको चालू किया था और उन स्कीम्स का अगर यही कुसूर है कि ये शांता कुमार की स्कीम्स है इसीलिये उनको स्क्रैप कर दिया गया तो यह तो अन्याय होगा । आप होम मिनिस्ट्री में उन्हें दोबारा एक्जामिन करवा लीजिये अगर उसमें कोई सोशल डिस्पैरिटी निर्मित हुई हो तो उसको रुकवा दीजिये, लेकिन जिन वेलफेयर स्कीम्स से सोशल डवलपमेंट होता है, जिन योजनाओं से समाज को फायदा होता है, उनको तो चालू रखिये, उनको समाप्त मत करवाइए । उपसभापति जी, वहां पर पालमपुर में इसी प्रकार एक 700 बेड के नये हास्पीटल और मैडिकल कालेज की नींव रखी जा चुकी थी अब उस बिल्डिंग का क्या कुसूर है वह तो सांप्रदायिकता और रॉयट्स पैदा नहीं करती। सरकार भंग हुई तो उसका काम रोक दिया गया और उस इलाके के लोग आज उस 700 बेड्स वाले हॉस्पिटल और मेडिकल कालेज की सुविधा से वंचित हो गए। उपसभापति जी, एक उन्होंने स्कीम बनायी थी, "गांव भी अपना, काम भी अपना" । अब इसमें तो कहीं दीनदयाल उपाध्याय या श्यामा प्रसाद मुकर्जी का नाम नहीं है, लेकिन गांव भी अपना काम भी अपना, इस स्कीम का नाम बदलकर "विकास कार्यों में जन-सहयोग" कर दिया गया। मैं पूछना चाहता हूं कि दीनदयाल उपाध्याय या श्यामा प्रसाद मुकर्जी के नाम से चालू हुई योजनाएं क्या सरकारें बदलने के कारण बदलेंगी और अगर इसको इसी कांइन में पे करने का प्रयत्न किया गया तो क्या परिस्थितियां निर्मित होंगी, इसका अंदाजा लगाइए? फिर ऐसी सभी योजनाओं के बारे में जो किसी-न किसी नाम के साथ जुड़ी हुई हैं, उनके बारे में पुनः विचार करने की जरूरत पड़ सकती है। मैं चाहता हूं कि आप इन परंपराओं को प्रारंभ करने का अवसर मत दीजिए। चुनी हुई सरकारों

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

के चले जाने के बाद डवलपमेंट के काम, प्लान के कम्पलीशन के काम कई जगह रुक गए हैं। अकेले राजस्थान में 38 करोड़ रुपया लैप्स हो गया प्लान का। बीकानेर, जोधपुर के पावर प्रोजेक्ट का काम ठण्डा हो गया। मथानिया का सोलार एनर्जी प्लांट, जिसको शुरू करने का फैसला हो गया था, वह अभी कोल्ड स्टोरेज में रख दिया गया है। राजस्थान में जो इंडस्ट्रियल डवलपमेंट बना था, इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट का और जिसमें वर्ष 1991–92 में 1800 करोड़ का कैपिटल इन्वेस्टमेंट हुआ, 1992–93 के नवम्बर महीने तक भी 700 करोड़ का कैपिटल इन्वेस्टमेंट हुआ, वह कैपिटल इन्वेस्टमेंट का काम भी बंद हो गया। आप पार्टियों के खिलाफ तो कदम उठाइए, मगर इलाके के डेवलपमेंट के काम को रोकिए नहीं। गवर्नर शासन में इन योजनाओं के ऊपर जितना ध्यान देना चाहिए, उतना अगर नहीं हो रहा है तो आपको कोई मैकेनिज्म इवोल्व करना चाहिए और अपनी यहां की सत्ता को थोपे रखने के प्रयत्न में कुछ पुनर्विचार अवश्य होना चाहिए।

मैडम, मैंने यहां पर छोटे खनिजों का सवाल भी उठाया था। आपका फोरेस्ट और एनवायरमेंट विभाग इन छोटे-छोटे माइन्स से आने भी दिल्ली आकर क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट मांगता है और चाहता है कि जो फारेस्ट एरिया है उसके चारों तरफ पांच किलोमीटर तक कोई माइनिंग एक्टिविटि नहीं होनी चाहिए। अब फारेस्ट छोटा है, पांच किलोमीटर एरिया अगर आपने और जोड़ दिया तो पता नहीं माइनिंग कहां हो पाएगी। यह माइनिंग पहले स्टेट सब्जेक्ट था, फारेस्ट भी स्टेट सब्जेक्ट थे, उस समय से माइनिंग चल रही है और लाखों लोग इस पर काम कर रहे हैं। अब यह कंकरेन्ट लिस्ट में आ गया है, सेंट्रल लिस्ट में आ गया है और इतने गहरे गड्डे, सौ-सौ फीट गहरे गड्डे हो गए हैं, लेकिन आपका फारेस्ट कंजरवेशन और एनवायरमेंट विभाग अब कहता है कि यहां खाने मत चलाओ। तो खाने कहां चलेंगी? खाने पोर्टेबल तो हैं नहीं कि खान को यहां से उठाकर वहां ले जाओ। दूसरी जमीन मिल सकती है। फारेस्ट वाले अगर वास्तव में दिलचस्पी रखते हैं जंगल उगाने के मामले में, तो ऐसे कई स्थान हैं, जहां पर फारेस्टेशन का काम किया जा सकता है। अकेले अलवर जिले में 262 माइन्स रोक दी गई है। वहां 10,000 लोगों की रोजी छीन ली गई है। इसलिए इन सब बातों पर विचार होने की जरूरत है।

मध्य प्रदेश में लोक शिक्षण परिषद के अंतर्गत 16000 गांव में स्कूल खोलने की योजना थी। इनमें 4000 खुल चुके थे, एक साल में 6000 करने का था। तो कम से कम यह 2000 स्कूलों को खुलवाने का काम चालू रखें। जिला पुनर्गठन का काम, जो कांग्रेस के समय में नौ साल पहले एक कमेटी बनाकर मध्यप्रदेश में 16 जिले और बनाने की बात हुई थी, उसे कार्यान्वित करवाइए। एडमिनिस्ट्रेशन की एफिसिएन्सि के लिए उसमें लाभ होगा। इसलिए इन कामों को हाथ में लेना चाहिए।

[उपसभाध्यक्ष (सैयद सिब्ते रज़ी) पीठासीन हुए।]

महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि जो योजनाएं प्रदेश के हित की हैं, जो समाज कल्याण की स्कीम हैं, जो कैपिटल एनवेस्टमेंट और लोगों को रोजगार देने वाली योजनाएं हैं, वह योजनाएं बंद नहीं होनी चाहिएं। इसके लिए विशेष सुविधा ली जाए। जो यह आधारहीन राष्ट्रपति के शासन बढ़ाने वाले प्रस्ताव हैं, उनको आप वापस लीजिए। इन प्रस्तावों के आधार पर अब वहां पर राष्ट्रपति शासन को जारी रखने का कोई आधार नहीं बचा है। अभी भी समय है, 15 जून के पहले पहले आप इन राज्यों के चुनाव करवाइए। मनोवैज्ञानिक सुधार की दृष्टि से अगर आप इंतजार करना चाहते हैं तो राम तो रहेगा है राम कहने की

नौबत न आ जाए, इसको सावधानी बरतिए। इसी आधार पर मैं आपके इन प्रस्तावों का विरोध करता हूं।

श्री शिव प्रताप मिश्र (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जो सरकारें भंग कर दी गई थीं, उनके चुनाव अभी न होने के पक्ष में और राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के संबंध में जो विधेयक आया है, उसके पक्ष में अपने विचार प्रकट करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं।

उपसभाध्यक्ष (सय्यद सिब्ते रज़ी) : 10 मिनट का समय है आपके लिए।

श्री शिव प्रताप मिश्र : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं आपके सामने, मैं नहीं पूरा देश और दुनिया जानती है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकारें क्यों भंग की गईं। इसलिए मैं इसका विशलेषण करना चाहता हूं कि 6 दिसम्बर की जो घटना हुई अयोध्या में, जिसमें मस्जिद का ढांचा तोड़ा गया, कुछ लोगों ने कहा कि पंडित नेहरू और मौलाना अबूल कलाम के काल से ही वहां नमाज़ नहीं अता होती थी और उससे नमाज़ का कोई संबंध नहीं था। ये लोग यह भूल गए कि उस ढांचे से राष्ट्र की मानसिकता कितनी जुड़ी हुई थी और राष्ट्र की मानसिकता जुड़ी होने के कारण जब वह ढांचा तोड़ा गया तो केवल अयोध्या में ही नहीं, उत्तर प्रदेश में ही नहीं, भारत में ही नहीं बल्कि हमारे पड़ोसी देशों में—पाकिस्तान में, बंगला देश में और दुनिया में, इसकी कितनी प्रतिक्रिया हुई, इससे हम लोग अनभिज्ञ नहीं हैं। तो जो वह ढांचा तोड़ा गया और संविधान में जो धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त को रखा गया है और उसके तहत हमारे यहां किसी धर्म को क्षति न पहुंचाने का आश्वासन हमारे भारतीय संविधान में दिया गया है, उस ढांचे को तोड़ने से हमारे संविधान पर बहुत बड़ा आक्षेप हुआ था और मैं कह सकता हूं कि संविधान की अवहेलना हुई थी। उसकी प्रतिक्रिया के स्वरूप उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में, कानपुर में, बनारस में जो दंगे भड़के, बम्बई में जो दंगे भड़के, उससे भी हम लोग अनभिज्ञ नहीं हैं और उसमें कितने लोगों की हत्याएं हुईं, इससे भी हम हम लोग अनभिज्ञ नहीं हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश प्राचीन काल से ही हमारे पूरे भारत की संस्कृति और सीमा-सुरक्षा की सीमा रहा है। जब भारत महाभारत काल के बाद छिन्न-भिन्न हो गया था, जब इसके अंग-भंग कलिंग, ये सब देश कहे जाते थे, जब इसका एकीकरण चाणक्य ने किया था चन्द्रगुप्त को लेकर, तब भी हमारे यहां जो बाह्य आक्रमण होते थे, वे उत्तर भारत में ही होते थे। तब उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और मगध, ये सब एक ही भारत के खंड में गिने जाते थे। उस समय भी जितने आक्रमणकारी आते थे, उनका भी मुकाबला उत्तर प्रदेश से, मगध से और बिहार से ही होता था, यह भी मुझे गुप्तकाल के इतिहास के लेखों से ज्ञात होता है।

दत्वा रुद्धगति खसाधिपतये देवी ध्रुवस्वामिनी

यस्मात् खाण्डित साहसो निवृतः श्री पूर्णगुप्तः नृप

तस्मिन्नेव हिमालयेगिरि गुहां कोरनाम क्वणित किन्नरिन् गीयन्ते तव कार्तिकेय नगरे स्त्रीणाम् गणैः कीर्तयः।

तब भी जब यहां पर आक्रमण हुए हैं, उन आक्रमणों को रोकने के लिए यह उत्तर भारत ही सदा आगे रहा है और चन्द्रगुप्त के सेनापतित्व में जब जम्मू-कश्मीर में आक्रमण हुए थे, जो आज भी आक्रमण हो रहे हैं, जिससे आतंकवाद जम्मू-कश्मीर में ही नहीं, भारत में फैला हुआ है और यहां की जनसंख्या और मानसिकता अस्त-व्यस्त हो गई है, उसका मुकाबला उस समय भी यहां हमारे उत्तर भारत की सैन्य-शक्ति से किया गया था और उन्हें पीछे खदेड़ दिया गया था। और यहीं नहीं जब यहां पर शकों का आक्रमण हुआ था इसका भी हमें उल्लेख मिलता है।

[श्री शिवप्रताप मिश्र]

स्त्री वेषः निहृतः चन्द्रगुप्त शत्रो स्कंधावार शकपति वधायाऽगमत्।

जब यहां शकों ने आक्रमण किया और उन लोगों ने कहा कि ध्रुवस्वामिनी को हमारी अस्मिता और संस्कृति पर चोट देकर उनका अपहरण किया जाए। तो वही चन्द्रगुप्त ने स्त्री वेष में जाकर सत्पथी का वध कर दिया था। तब से हमारी काफी सुरक्षा बनी हुई है। मोहन जोंदड़ो और हड़प्पा जो सिन्धु घाटी की सभ्यता में आती हैं, उस समय से मैं जानता हूं कि यहां पर न कोई जांत थी, न कोई वर्ग था, यहां पर एक शिव की पूजा होती थी, उसका मतलब यह नहीं कि उस समय कुरान नहीं पढ़ा जाता था, तब कुरान था ही नहीं। उसके बाद मैं आगे भी देखता हूं कि रामायणकाल में भी कोई जांत-पांत की प्रथा नहीं थी।

"जांत-पांत पूछे नहीं कोई,
हरि को भजे सो हरि का होई।"

उस समय वाल्मीकि जो थे, वह दस सम्प्रदाय से आते थे। लेकिन,

"उल्टा नाम जपत जग जाना,
बाल्मीकि भए ब्रह्म समाना।"

और यही बात मैंने महाभारतकाल में भी देखी कि वहां जांत और धर्म तो एक ही था, तब इस्लाम था ही नहीं। तो जब इस्लाम आया तो उस समय भी कहा गया कि जांत-पांत नहीं था। श्रीकृष्ण जी ने गीता में कहा कि :

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टगुण कर्म विभागशः

और चार वर्णों को मैंने उत्पत्ति की है उनके गुण और कर्म के आधार पर, जन्म के आधार पर नहीं। और जो धर्म होता है,

नाऽसतो विद्यतेऽभावो नाऽभावो विद्यते सतः।

जो सत्य है उसमें असत्य को प्रत्यारोपित नहीं किया जा सकता और जो असत्य है उसको सत्य नहीं कहा जा सकता। तो धर्म जो है—धारणीयतीत धर्म, जो धारण किया जाए सत्य को जानने के लिए, वही धर्म है और उस पर आचरण करना ही नीति-शास्त्र है। तो ईश्वर एक है। यह चाहे मैंने देखा वेदान्त में, चाहे मैंने देखा इसको वेद में। वेदों की इसकी कल्पना हिरण्यगर्भ की थी, वेदान्त में इसकी कल्पना ब्रह्म की थी और गीता में इसकी कल्पना साकार और निराकार दोनों रूपों में की थी। तो जिस तरह से कहा गया था कि...
(व्यवधान)

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश) : यह कौन सा विषय चल रहा है?

श्री शिव प्रताप मिश्र : यह चल रहा है वहां जिस कारण राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। धर्मान्धता को बढ़ाकर इंसानों की जानों को खत्म किया गया, इंसानों को मारा गया और जिस लिए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया गया था, कुंवर महेश्वर सिंह, उसकी बात मैं कर रहा हूं इस महा सदन में। समझ गए?

श्री महेश्वर सिंह : महाराष्ट्र और गुजरात को भूल गए?

श्री शिव प्रताप मिश्र : मैं बता रहा हूं। तो इसलिए मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो विषमता उस समय थी और जो मानसिकता उस समय शासन की थी, वह अभी पूरी निर्मूल नहीं हुई है। उस समय उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने कहा कि जो लोग इन दंगों में मारे गए थे उनको दो-दो लाख रुपये का मुआवजा हर परिवार को दिया जाएगा। फिर उसके बाद विकास की बातों को उन्होंने किया तथा कहा कि गढ़वाल जैसा आपका हिमाचल है, वहां पर जैसे वायुयान की बात परसों कर रहे थे, उस तरह से उसके विकास की बात चल रही है और अल्मोड़ा और हमारा जो उत्तराखंड है, उसके विकास की बात चल रही है और साथ-साथ वहां पर कानून व्यवस्था की भी बात चल रही है और सुरक्षा की भी बात चल रही है। वहां पर असुरक्षा अभी समाप्त नहीं हुई है। हमारे

माननीय गृह मंत्री जी जो इस समय सदन के नेता भी हैं, इन्ही के साथ राम लाल राही जी, जो भारत सरकार में उप गृह मंत्री हैं, वह सीतापुर के निवासी हैं। उनके सामने पुलिस ने उनके दो लड़कों की जमकर पिटाई की और उन्हें बंद कर दिया। वह कह रहे थे कि मैं गृह मंत्री हूं, तो उन्हें कहा गया था कि चुप रहो, यह बड़ा अपराधी है। तो इसलिए मैं यह कह रहा हूं कि जो मानसिकता, उच्छृंखलता और अव्यवस्था उत्तर प्रदेश में फैली हुई थी, अभी उसका उन्मूलन नहीं हुआ है। तो वहां जो विकास की बात हो रही थी.... **(व्यवधान)**

श्री महेश्वर सिंह : और हिमाचल में क्या नहीं हुआ?

श्री शिव प्रताप मिश्र : हिमाचल में तो विकास चल रहा है। वहां जाकर हमारे गृह मंत्री जी ने घोषणा करदी।

श्री महेश्वर सिंह : गवर्नर साहब ने क्या कहा था, हिमाचल में कानून और व्यवस्था ठीक हैं, उसके बारे में भी कुछ कह दीजिए।

श्री शिव प्रताप मिश्र : उपसभाध्यक्ष जी, मैं चाहता हूं कि अभी उत्तर प्रदेश पर और राज्यों के लोग बोलेंगे, लेकिन मैं उसी प्रदेश का निवासी हूं। वह देश का सबसे बड़ा प्रांत है। वह देश का सबसे बड़ा प्रांत है, वहां की सबसे ज्यादा आबादी है। तो वहां जो विषम परिस्थितियां चल रही हैं, मैं वहां के बारे में जिक्र करना चाहता हूं जिससे वहां की कानून-व्यवस्था ठीक हो सके, जिससे उसका आर्थिक विकास हो सके। महोदय, अभी जो वहां धर्म और संप्रदाय के नाम पर विष-वमन किया जा रहा है, क्या ऐसी हालत में वहां चुनाव कराना उचित होगा? इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि अभी वहां चुनाव न कराया जाए तभी वहां शांति बनी रह सकती है। चुनाव का मतलब है निष्पक्ष चुनाव कराना।

भारतवर्ष में सबसे पहले गरीबों और हरिजनों के उत्थान का सिद्धांत कांग्रेस ने दिया लेकिन उन्होंने यह सिद्धांत जातिवाद का प्रचार करने के लिए नहीं दिया था। हमारे संविधान में भी कास्टलैस सोसायटी की रचना करने का संकल्प लिया गया था। इसको डा० अम्बेडकर ने लिया था लेकिन पहले भारतवर्ष में जहां चार जातियां थीं और कर्म से थीं वहां मंडल कमीशन ने भारतवर्ष को 4 हजार से अधिक जातियों में विभक्त कर दिया यह भी कर्म से नहीं जन्म से। यह कितनी घृणा की बात है कि भारतवर्ष को इतने दिन आजाद हुए हो गए लेकिन कहीं ब्राह्मण महासभा, कहीं वैश्य महासभा, कहीं शूद्र महासभा, कहीं अनुसूचित जाति-जनजाति महासभा दिखाई देती है। अरे, भारत कहां जाएगा?

हमारे संविधान में जातिविहीन समाज की रचना करने का संकल्प लिया गया था और अगर इनका वर्गीकरण किया गया था तो वह इसलिए कि इनका आर्थिक विकास हो सके, समाज में इनकी प्रतिष्ठा हो सके लेकिन आज इनका अपमान किया जा रहा है और इनको प्रताड़ित किया जा रहा है। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि जब तक उत्तर प्रदेश में... **(व्यवधान)**

श्री सोमपाल (उत्तर प्रदेश) : उपाध्यक्ष महोदय, अभी 9 तारीख को मेरठ में वैश्य महासम्मेलन हुआ जिसमें आपके कुछ संसद सदस्य और मंत्री श्री केसरी जी और उत्तर प्रदेश के गवर्नर स्वयं सम्मिलित हुए। शर्म नहीं आती कांग्रेस को यह सब कहते हुए ... **(व्यवधान)** कौन बांटता है समाज को जाति के आधार पर... **(व्यवधान)**

श्री शिव प्रताप मिश्र : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने परम मित्र को उत्तर देना चाहता हूं कि मैं इनके सिद्धांत का पालन करता हूं। पहले तो मैं किसी जाति में विश्वास नहीं रखता, मैं तो विश्वास रखता हूं भारत में और भारत की एक ही जाति थी जो एक ही शब्द से निकली थी। मैं वैदिक काल के

[श्री शिव प्रताप मिश्र]

सिद्धांत को मानता हूं। मैंने वेद का अध्ययन किया है जिसमें कहा गया है कि–

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे,
भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Plase try to conclude now.

श्री शिव प्रताप मिश्र : एक ही शब्द से सारी सृष्टि की उत्पत्ति हुई है। सोमपाल जी, आपके यहां जब ऋतंभरा जी की मीटिंग हुई थी, उसमें आपने हस्तक्षेप किया था? कल सीताराम जी ने वहां कहा कि वैश्य एक जाति नहीं है, एक संप्रदाय है। उन्होंने गीता के 18वें अध्याय के इस श्लोक को भी वहां पर उद्धृत किया था... **(व्यवधान)**

श्री दिग्विजय सिंह (बिहार) : नये विनोबा भावे पैदा हुए हैं, सीताराम केसरी... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Please conclude now.

श्री शिव प्रताप मिश्र : महोदय, हमारी सरकार ने जो मंदिर-मस्जिद का मुद्दा है उसे संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत उच्चतम न्यायालय को सौंपा है। उसका निर्णय होने के बाद जब दो न्यास बन जाएं मंदिर और मस्जिद के, जो भारत के निवासियों की नसिकता मर्माहत हुई है, वह ठीक हो जाए, वहां पर कानून और व्यवस्था ठीक हो जाए, जब वहां पर विकास के जो संकल्प हैं वह आगे बढ़ जाएं, तब वहां चुनाव होना चाहिए। इसलिए राष्ट्रपति शासन की अवधि को बढ़ाने के प्रस्ताव का मैं समर्थन करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Shri Obaidullah Khan Azmi. Your Party has been allotted 20 minutes. Please try to conclude within that time.

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी (उत्तर प्रदेश) : मोहतरम, शुक्रिया :–

कहता हूं वही बात समझता हूं जिसे हक

नै अबल ये मसजिद हूं, न तहजीब का फरजन्द।

बी०जे०पी० के जरिए बनाई गई चार रियासतों की हुकूमतों को बर्खास्त करके जिस सदन राज का निर्माण किया गया था, आज उसकी मुद्दत में मजीद 6 माह की तोसी की तजवीज पर मैं इजहारे ख्याल करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

मोहतरम, जिन हालात के पेशेनजर और जिन वाक्यात के नतीजे में बी०जे०पी. की हुकूमतें तोड़ी गई थीं, हम ऐसा समझते थे कि कांग्रेस अपनी तवारिखी अकीदे का इजहार इस मुद्दत में जरूर करेगी और कुछ नहीं तो बाम से कम ख्वाबे महर देखने के लिए तयार हो जाएगी। मगर दलील और मंजर की अहमियत किताबों में चाहे जितनी भी हो, हकीकत की दुनिया में सच वही है जो दोनों आखें देखती हैं, हकीकत वही है जो आदमी महसूस करता है और सच्चाई वही है जो जिस्मो रूह पर गुजर जाती है। हुकूमतों के बर्खास्तगी से लेकर जिस घोर अंधेरे में आखें टटोल रही थीं और देख नहीं पा रही थीं वह अंधेरा लगता है अब और ज्यादा घनघोर होता जा रहा है। मुझे तो उम्मीद थी कि रात की स्याही घटेगी मगर अब उम्मीद को दामन आज आदमी पकड़कर चल रहा था कि उसे इंसाफ मिलेगा, जिस तरह मुल्क और कौम के सरमाये लूटे गए हैं, जिस तरह हिन्दुस्तान में सैक्युलरिज्म की बुनियादों को खोखला किया गया है, जिस तरह हिन्दू-मुस्लिम नफरत के जहर को पूरे मुल्क में फैलाने की कोशिश की गई है, इन तामाम चीजों का तदारुक सदर राज में कांग्रेस पार्टी करेगी, लेकिन जो लोग सैक्युलरिज्म की शमा लेकर नूरे लहर के आलंबरदार थे और दावेदार थे, सदर राज के जरिए

being treated now. So, I feel the purpose for which the President's rule was established should not be devalued. We are doing that. The complaint is that the Congress is vying with the BJP in winning the next elections in all the States. The point is that the BJP was trying to utilise the Hindu sentiments. Under the President's rule the ruling party at the Centre is also trying to utilise the same sentiments because they feel that in the coming elections they will lose the Hindu votes. Their main purpose is how to satisfy them, how to please them and not to antagonise them. Under the President's rule the ruling party is doing that. They have raised many things about Governors. Perhaps, some Governors did not oblige the ruling party at the Centre. Some Governors have resigned. Some Governors have been shifted. There is instabiliy in the administration also. Therefore, President's rule means rule of the Congress party. President's rule means rule of the Central Cabinet, Central Cabinet of the Congress, the ruling party. So, unless they take a proper, impartial and unbiased attitude and abandon the attitude of satisfying the communal bias of the majority community, unless they stop pampering them and fight against all sorts of fundamentalism and communalism, whether it is of the majority or the minority—I don't say that the minority doesn't have fundamentalism or communalism; they are equally fundamental and they are equally communal—things would not improve. Since the majority community is there in the administration, in the police, in the army and in the judiciary, they can do more harm than the minority. That is why, while fighting against both minority communalism and majority communalism, we have to take much, care. The majority communalism, which appears today as the biggest danger to the country, should be properly dealt with and properly curbed. If they try for some petty political ends, to pamper a particular community, in this case the majority community, the communal virus which is affecting the entire country cannot be curbed and, on the contrary, it will spread further. The mayhem in Bombay, in Surat, in Ahmedabad and elsewhere is an indication of how the country is boiling with communal feelings, communal tension. Even in a State like Manipur, a hill State, which has never felt any communal violence, all of a sudden something happened and the newspapers reported that it was a communal conflagration. It is an indication that the rot has started affecting the entire country. The cancer is affecting the entire body politic. So, the ruling party has to take the responsibility. They should not try to utilise everything for their own political ends. President's rule has been promulgated and now they are going to extend it. But the extension should not be utilised for the benefit of their political ends. The extension should be utilised for the benefit of the entire country so that the fire of communalism, the fundamentalism that has been indulged in this country, is doused. That should be the political purpose and not seeking more votes in the next election. If you are utilising the President's rule for your political ends, then you will be the destroyer of the country. With anguish I would request the Home Minister that the President's rule should be as short as possible and within the shortest possible time it should undo all the mischief committed earlier. It should reverse things in the shortest possible time so that election becomes impartial and unbiased with the co-operation of the administration and the police who are unbiased, secular and not communalised.

2.00 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Shri Yashwant Sinha—please conclude within 10 minutes.

SHRI YASHWANT SINHA (Bihar): Mr. Vice-Chairman, as I rise to make my intervention in this debate I recall to myself those grim days of December last year after the 6th the atmosphere in this House, the atmosphere outside in the country at large and this whole feeling of uncertainty or insecurity of impending chaos which was gripping the people of this country. But I also recall that even in those grim days when these State Governments—I am talking of three other Gov-

[Shri Yashwant Sinha]

ernments, not UP, when Himachal Pradesh, Madhya Pradesh and Rajasthan Governments were dismissed—our party had raised its voice in protest against the dismissal of those Governments and against the imosition of President's rule. We felt that there was no sufficient case for the kind of action which the Government of India had taken in respect of these three States. Today, as we discuss it in the cool of this House in the month of May, 1993, I feel that there is even less reason for the extension of President's rule which the hon. Home Minister has put before us. Therefore, I would like to make it quite clear right in the beginning that as far as my party is concerned we are opposed to this extension, we are opposed to the continuance of President's rule in these States and we would like elections to be held as early as possible. Sir, what are the reasons which the hon. Home Minister has mentioned in this House as the reasons for the extension of President's rule? I was trying to listen to him very carefully. He has said that while the law and order situation appears to be under control at the moment, underneath perhaps it is fragile, and communal forces which are lying low might raise their heads again if elections are held, therefore, this is not the right time for elections. Then he has said that they have started the process of purging the administration of communal elements and they would like to take some more time to continue this process and elections at this stage will disrupt that process. He also feels that if elections are held some elements, some parties will try to take advantage of the situation, incite communal passions and this might rock the applecart of the whole country. These were the important reasons which the hon. Home Minister has mentioned for the continuance of President's rule. We know that a debate has been going on in this country for quite some time now regarding the misuse of Article 356 of our Constitution. This debate has come to no end. This debate will continue. But a fresh chapter has been added to that debate by the judgement of the Jabalpur Bench of the Madhya Pradesh High Court by holding that the imposition of President's rule in the rest of Madhya Pradesh was without valid reasons. Therefore, it has to be set aside. The matter is before the Supreme Court. We do not know which way the Supreme Court will go. But the fact remains that the people of this country are worried that democratically elected Governments representing the will of the people, representing the aspirations and wishes of the people are sought to be dismissed by one stroke by the Central Government often without sufficient reason. That is the debate which cannot be brushed aside lightly. If we want democracy and if we want the democratic institutions, and a democratically elected Government, to function in Delhi, there is no reason why democratically elected Governments should not function at all levels. We have, in this Parliament, passed an Act extending democracy to the grass-roots level, to the level of cities, to the level of towns, right down to the level of the panchayat. And, then in the same breath, if we take the contradictory action of extinguishing democracy, extinguishing the will of the people, suppressing the people's aspirations in any part of the country, then, it becomes a matter of anguish, it becomes a matter of pain for many of us. And, thereore, I say that the reasons which have been mentioned by the Home Minister appear to be specious. They appear to be spurious. They don't provide a justification, to my mind, to continue President's rule in these four States.... (*Interruptions*).

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN (Tamil Nadu): On a point of order. It is very pleasant to hear our hon. friend speaking about article 356 being used very indiscriminately by the Central Government. But, only in his regime, the DMK Government was sacked on the ground that there was a law and other problem. They had followed the same, old logic.

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Please deal with this point also.

SHRI YASHWANT SINHA: Mr. Vice-Chairman, I had no wish to enter into a controversy with my colleagues on this side. But now that that point has been raised, with a request to you not to count it in my time, I would like to say that if the Government in Delhi feels that there is sufficient reason that the Government in the State has lost the support of the people, then that is a good enough ground for the imposition of President's rule. When we were in power, we had come to that conclusion and that conclusion was more than abundantly proved when elections in Tamil Nadu were held and the results of that election went against the party which is trying to protest here today.

Now, if the law and order situation is under control but fragile — that is the perception of the Home Minister—then, how many States in this country can escape President's rule? That is the question that I would like to post to the Home Minister. Can Manipur escape President's Rule? Can Gujarat escape President's rule? Can Maharashtra escape President's rule? Can these States which have a much worse record of communal conflagration and communal violence in recent months than either Himachal Pradesh or Madhya Pradesh or Rajasthan escape President's rule? And, if law and order is the consideration, you will have to have a look at some other States—I have no hesitation in saying, Andhra Pradesh and Bihar—to find out as to how fragile the law and order situation there is. So, this argument that the situation is calm but is fragile, the law and order situation is fragile, does not wash. Then, about purging the administration, the Home Minister has not taken the House into confidence. How many officials or functionaries in the Government have you purged? How many have you dismissed because they didn't have secular credentials, that they were inciting communal passion? Please take us into confidence. Tell us, "This is what we have done, this is the task which remains unfinished and we will have to finish this task and, therefore, I am asking for extension of President's rule." Just making a bland statement that we are purging the administration of communal elements does not wash again like the first argument. And his third argument is that the elections will be taken advantage of by certain elements to incite communal passion. After all, aren't we holding by-elections in this country despite what Mr. Seshan might do in cancelling elections in various places? We are having Parliamentar by-elections in Jallandhar and in Patna. We are having elections to the various State Assemblies. Isn't the BJP contesting? Aren't the other elements who incite communal passion there even in these elections? Isn't communal passion being incited in Patna elections? So, such illogical conclusion that we should ban elections in this country because some people might take advantage, again, Mr. Vice-Chairman, does not wash, to my mind. So, these arguments which have been advanced by the hon. Home Minister, to my mind, do not stand even a preliminary scrutiny and do not constitute good, valid, reasons for the extension of President's rule. After all, let me make one point very clear. That is, these people, the BJP, which is a political party and which has not yet been banned despite whatever the Home Minister might say in this House and outsid that we are going to ban all the communal elements from contesting elections and all that, continues to be a party, recognised by the Election Commission as a political party and will have the right to contest the elections, will have the right to come to power now if the people so wish. But shall we use the constitutional machinery, shall we subvert the constitutional machinery, Mr. Vice-Chairman—that is the basic question—to prevent a political party from coming to power? Is that what the Government of India would like to do? This is the question which I would like to ask the Home Minister. Shall we misuse the Constitution in order to prevent a recognised political party from coming to power? If you don't want to misuse the Constitution, then, justification for holding the elections in these four States exists. One might make an exception in the case of Uttar Pradesh where

[Shri Yashwant Sinha]

cataclysmic events took place on the 6th December. To my mind, there is no good reason why President's rule should be extended in Rajasthan, Himachal Pradesh and Madhya Pradesh.

Mr. Vice-Chairman, we have to meet the challenge thrown by the communal elements and I have pleaded in this House before for this and I like to plead again, with all the humility, not only with the ruling party but also with my colleagues sitting on this side. We are all together in the secular struggle. I would like to state with all the emphasis at my command that this is a political battle. Let us fight it politically. The BJP's challenge and challenge of the fundamentalist forces will have to be met politically. We cannot hide, we cannot take shelter, behind the legalistic constitutional provisions. Behind this jargon, we cannot escape. That will be an ostrich-like attitude that we bury our head in the sand of Constitution and try to escape from our responsibility. This attitude on the part of the Government is something which a person like me is not able to understand. I will finish, Mr. Vice-Chairman, before you ring the bell, by making one last point.

We are talking of secularism. Today, secularism is at stake. Secularism in now under threat. It is one of the most important values in our ethos which has been challenged. But will the ruling party kindly look into this? Will they look at their own track record? I remember having said in this House that we know BJP's intentions which they have never hidden. We know what they did. But what do you stand for? Are you secular? Are you upholding secular values? Were you not responsible primarily for those events in Ayodhya and the subsequent events which have rocked this country? Are you not guilty for the loss of thousands of human lives in this country which have been want only lost because of your negligence, because of your inaction?

My colleague in the CPI (M) was talking about pampering of fundamentalist forces. It has always been argued that you cannot pamper fundamentalist forces either of one community or of another community.

We have enough evidence. The other day, a mention was made in this House about what is happening in Kerala. The Ottappalam election has been postponed. But before the election was postponed, did the ruling party at the Centre and in the State which is in power there, not do anything to try to win votes by pandering to communal, fundamentalist sentiments? The Friday holiday in the school is something which this Government and this party cannot defend. The point is, in this country, unfortunately a situation has arisen where every political party has been guilty sometime or the other of pandering to fundamentalist forces, of taking the support of those elements. When it suits a political party, we do it. If it does not suit, then we stand on the house-tops and start shouting our favourite slogan. This is not the kind of attitude that should exist. Therefore, I will plead with all the emphasis at my command with the Government of India, "please look into this". We cannot tolerate, Mr. Vice-Chairman, my party cannot tolerate a situation where in order to protect the so-called secular values, we subvert the Constitution; that in order to protect secularism, we destroy the Constitution of this country. And Sir, I have no hesitation in saying that by extending the President's Rule in the present situation in these four States, we are doing exactly that and, therefore, with all the might at my disposal, I would say that we are clearly opposed to this extension and we shall vote against this extension.

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Mr. Hari Singh. Not here. Mr. Ram Naresh Yadav.

SHRI J. S. RAJU: I want only minute, Sir. I want to put the record straight.

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): No, please. I am allowing only Mr. Ram Naresh Yadav. When your turn comes, when you speak, you clarify your position. Yes, Mr. Yadav.

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 महीने के लिए बढ़ाने का संकल्प है उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदय, जो स्थिति है उसको ध्यान में रखते हुए जो कारण बताए गए हैं वह अपने आप में स्पष्ट हैं क्योंकि आखिर जिन परिस्थितियों में राष्ट्रपति शासन की घोषणा की गई थी अब तक वह शासन चला आ रहा है, उन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह देखना पड़ेगा कि क्या आज उन परिस्थितियों में विशेष परिवर्तन आया है, क्या उस समय जो आधार थे उनमें कोई परिवर्तन आया है। क्या आज वहां चुनाव निष्पक्ष रूप से हो सकेंगे और जनता में जो सांप्रदायिकता की भावना पिछले दिनों में सत्ता में रहने वाले लोगों ने इन राज्यों में पैदा की थी क्या उनकी समाप्ति की दिशा में ठोस कदम उठे हैं। अगर इस तरह की बात नहीं आई है तो निश्चित रूप से 6 महीने के लिए जो अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव है वह अपनी जगह पर सही है क्योंकि यह बात भी आती है कि आर्टिकल 356 के आधार पर जो 6 महीने और बढ़ाना चाहते हैं कोई तर्कसंगत नहीं है, यह बात भी कही जाती है। मैं कहना चाहता हूं कि आर्टिकल 356 ऐसी ही परिस्थितियों के लिए है और अगर संविधान निर्माताओं ने इस तरह की व्यवस्था की है कि शासन सही चल रहा है, लॉ एंड आर्डर की व्यवस्था सही है, जो संविधान की मान्यता है उसके अनुसार विधि-व्यवस्था के अंतर्गत चल रहा है और अगर नहीं चल रहा है तो उस सूरत में क्या कदम उठाना चाहिए। इस बात को ध्यान में रखकर संविधान निर्माताओं ने इसकी व्यवस्था की थी।

महोदय, अभी बहस की शुरूआत करते हुए मेरे मित्र ने कहा था कि आखिर इसका क्या औचित्य है। क्या औचित्य है इस पर उन्होंने बहुत सारी बातों को गिनाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में हाई कोर्ट ने फैसला दे दिया। महोदय, मध्य प्रदेश में हाई कोर्ट ने फैसला लिया था तो ऐसी सूरत में यहां पर इसे लाने का सवाल नहीं है। बात बहुत साफ है कि जब हम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं तो यह भी चाहते हैं कि इस देश में शासन और व्यवस्था संविधान की मान्यताओं के अनुसार चले तो निश्चित रूप से न्यायपालिका की मर्यादा की रक्षा करने का काम करना होगा क्योंकि यह प्रश्न वही लोग उठाते हैं और इस बात की जानकारी रखते हुए भी कि सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन है और विचाराधीन ही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के हाई कोर्ट के निर्णय को जब स्थगित कर दिया तो ऐसी सूरत में इस प्रश्न को उठाना उचित नहीं था इस आधार पर। लेकिन उठा सकते हैं, वही लोग उठा सकते हैं जिनके मन में संविधान के प्रति जो सम्मान होनी चाहिए वह नहीं है। जो संविधान की मर्यादाओं को तोड़ने का काम करते रहे हैं, जो संविधान के अंतर्गत हमारे लोकतंत्र की जो मर्यादा थी उसको तोड़ने का काम करते रहे हैं, वही लोग इस सवाल को उठाते हैं।

अगर अदालत की अवमानना न करने की बात होती, सम्मान करने की बात होती तो निश्चित रूप से जब हाई कोर्ट ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा तो इस बात को ध्यान में रखते हुए वहां की सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए थी कि वह जो मस्जिद बाबरी ढांचा था वह न गिरने दिया होता। तरह-तरह के आश्वासन देने के बाद जिस तरह की स्थिति पैदा हुई है उसी कारण वे लोग आज इस तरह के तर्क देने का काम कर रहे हैं और इन तर्कों में कोई बल नहीं है।

[श्रीराम नरेश यादव]

उत्तर प्रदेश में हम मानते हैं कि अभी वह स्थिति नहीं आई है लेकिन मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के बारे में यह तर्क दिया जाता है कि यहां पर 6 महीने की अवधि नहीं बढ़ाई जानी चाहिए और राष्ट्रपति शासन भी वहां पर जिस तरह लगाया गया है उसका कोई औचित्य नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि वहा की सरकार ने, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने धार्मिक उन्माद पैदा कर दिया है और साथ ही केन्द्र में सत्ता में आने का स्वपन भी देख रही है बल्कि एक तरह से आचरण भी करती आ रही है। वहां के मंत्रियों ने त्यागपत्र देने की तैयारी कर ली थी कि अयोध्या में जाकर ढांचे को गिरायेंगे। अगर संविधान की शपथ लेकर मंत्रिपरिषद में रह कर इस तरह की बात करते हैं तो यह बहुत ही खतरनाक चीज होती है। इसलिए जब वहां की सरकारों ने, विश्व हिन्दु परिषद् ने, और एस एस ने, बजरंग दल ने जो वहां किया है उसी कारण उन संगठनों पर पाबन्दी लगाई गई है। उस पाबन्दी के बाद भी ये सारी की सारी शाखायें लगाने का काम कर रही हैं, साम्प्रदायिकता का उन्माद गांव-गांव में फैलाने का काम कर रही है। इसलिए वहां पर राष्ट्रपति शासन की घोषणा करना बिल्कुल न्यायोचित है। उसी परिस्थिति में आज फिर यह बात आ रही है इसीलिए इस शासन की अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए।

जहां तक राम का सवाल है, वह कहते हैं उस राम को तो हम जाने नहीं देंगे। राम सब जगह फैले हुए हैं और इसी बात को ध्यान में रखते हुए कि सब जगह राम का असर है यह सरकार चुनाव नहीं कराना चाहती, यह कहा जा रहा है।

श्री संघ प्रिय गौतम : आपका नाम भी तो उसी पर है।

श्री राम नरेश यादव : मैं यह कहना चाहता हूं कि लोगों ने राम को समझा नहीं। राम की जो मर्यादा है, राम की जो गरिमा है इसको इन लोगों ने समझा नहीं है। अगर यह समझ लें तो जो सत्ता के लिए इतने बेचैन है, आतुर हैं वे नहीं होते। मैं कहना चाहता हूं कि जिस राम की चर्चा आप करते हैं वह राम अन्तर्यामी है। राम को भगवान कहा जाता है, राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। लेकिन आप उस राम जैसे महान मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम को सत्ता में घसीटना चाहते हैं। सत्ता के लिए ही सारा काम कर रहे हैं। वोट बटोरने के लिए यह सब काम कर रहे हैं लेकिन यह हिन्दुस्तान में चलने वाला नहीं है। इसलिए मैंने कहा राम लोगों के मन में हैं लेकिन राम का उपयोग सत्ता के लिए नहीं किया जा सकता। आपने राम के नाम को लेकर सत्ता में आने के लिए जितना षडयंत्र हो सकता था, जितना कुचक्र हो सकता था वह सारा किया और उसका परिणाम देश की जनता भोग रही है। यह जगजाहिर है, सारे संसार के लोगों को मालूम है। यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। मैं कहना चाहता हूं सचमुच में जहा तक उत्तर प्रदेश की सरकार का सवाल है उनकी पार्टी की शाखायें लगना अभी बंद नहीं हुई हैं। उनके वे सारे काम अभी तक बंद नहीं हुए हैं। प्रतिबंद के बावजूद भी उनकी वही स्थिति है। भले ही चाहे अयोध्या की घटना घटी। बम्बई में जो कुछ हुआ, कानपुर में हुआ, वाराणसी में हुआ और और जगहों पर आगे फैलाने की बात करते है। खून जब गिरता है तो यह नही होता कि हिन्दु का गिरा या मुसलमान का गिरा वह तो गिरता है इंसान का ही। घर जलते है, मन जलते हैं, दिल जलते हैं इंसानों के और दूसरे के साथ जो भाईचारे का वातावरण रहता रहा था वह आज बिगड़ता जा रहा है। यह स्थिति उधर के बैठे लोगों ने पैदा की है। उसको ध्यान में रखते हुए...

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : उधर आकर बैठेंगे तब ठीक कर लेंगे।

श्री राम नरेश यादव : उसको ध्यान में रखते हुए एक बात साफ हो गई है। मैं कहना चाहता हूं कि धीरे-धीरे हम

वहां आये हैं जहां ला एण्ड आर्डर की व्यवस्था में नियंत्रण आया है। बात अपनी जगह पर हो रही है और वह सही है। लेकिन अन्दर अन्दर ये लोग सोच रहे हैं और कुचक्र रच रहे हैं कि चुनाव आये तो फिर हम लोग उत्तर प्रदेश में जैसे बनारस के लोहता और कानपुर और कुछ अन्य छोटे-छोटे स्थानों पर उन्होंने आग लगाई थी, वही किया जाये। हिंसा की ज्वाला में पूरे प्रदेश को डाल दिया जाये। हम यह भी जानते हैं कि उनके अरमान पूरे होने वाले नहीं हैं। अभी गौतम जी कह रहे थे कि जब हम उधर बैठेंगे तो कुछ करेंगे। लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अभी जो आप सदन में नम्बर दो की पार्टी बने हैं, मैं नहीं कहना चाहता था, लेकिन नहीं कहूंगा तो न्याय नहीं होगा, अब आप कभी इस स्थान पर भी नहीं आ सकते हैं।

अभी हमारे एक मित्र कह रहे थे कि आपने यह सारा मामला किया। इस तरह से साम्प्रदायिक ताकतों को बढ़ाने का काम किया। आपको हरकतों से यह हुआ। लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जरा वे अपना दामन भी देखें। हमने कभी सत्ता में आने के लिए बी.जे.पी. के साथ समझौता नहीं किया। हमारी पार्टी सेकुलरिज्म और धर्म निरपेक्षता पर चलती रही है . . . (व्यवधान)।

श्री संघ प्रिय गौतम : *

THE VICE-CHAIRMAN (SYE SIBTEY RAZI): Mr. Gautam made a remark relating to some proceedings in the Lok Sabha. This has been the tradition of this House that nothing relating to what happened in the other House is discussed here. Therefore, the remark of Mr. Gautam will not go on record.

श्री राम नरेश यादव : इसलिए मैं कह रहा था कि इनको उत्तर प्रदेश में लाने का काम किसने किया ? केन्द्र में और लोक सभा में नम्बर दो की पार्टी के स्थान पर लाने का काम उन्हीं लोगों ने किया है जो इनकी बैसाखी के सहारे चलते रहे हैं। आज उल्टा कहते हैं कि आप आर्टिकल 356 का गलत इस्तेमाल कर अवधि को बढ़ाना चाहते हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अभी यह स्थिति बड़ी खतरनाक है। एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अभी मैं बनारस गया था, वहां आग ठंडी नहीं हुई है। राख के ढेर के अन्दर चिन्गारी अभी भी बची हुई है। ये लोग कह रहे हैं कि अभी तो मथुरा और काशी बाकी है। इस तरह के नारे लगा रहे हैं। इनका रास्ता यही है। इस रास्ते को ये छोड़ नहीं सकते हैं। ये देश को विनाश के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं। देश के संविधान और न्यायपालिका की अवमानना करना चाहते हैं। इन बातों पर हमें गम्भीरता से विचार करना चाहिए। कांग्रेस का इतिहास सेकुलरिज्म का रहा है। स्वाधीनता संघर्ष में हमारे देश में कैसे-कैसे लोग निकले थे। चाहे अब्दुल कलाम आजाद रहे हों, चाहे अशफाकउल्ला रहे हों, चाहे पंडित जवाहर लाल नेहरू रहे हों, गणेश शंकर विद्यार्थी रहे हों, राष्ट्रपिता गांधी जी रहे हों, उन्होंने राष्ट्रीय एकता को बनाये रखा। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एकता के धागे को तोड़ने का काम कर रही है। लेकिन ये शक्तियां आगे आने वाले दिनों में नहीं आ पायेंगी। देश का हो इंसान चाहे वह किसी भी धर्म का है, किसी भी जाति का हो, राष्ट्रीय एकता की भावना से काम करेगा। धर्म को राजनीति से जोड़ कर सत्ता में आने की बात नहीं करेगा। सारे लोग इस बात को समझ गये हैं। वे अब राष्ट्रीय एकता के धागे को तोड़ने नहीं देंगे। हम उस धागे को तोड़ने वालों को धरती से निकालने का काम करेंगे और राजनीति में आने की जो लोग कोशिश करते हैं उनको नहीं आने देंगे। इसलिए महोदया, मेरा सुझाव है कि . . .

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : जल्दी चुनाव करवाइये।

श्री रामनरेश यादव : शर्मा जी कहते हैं कि जल्दी चुनाव करवाओ। मैं शर्मा जी से एक बात कहना चाहता हूं कि चुनाव तो होंगे ही क्योंकि लोकतन्त्र में हमारा

*Not recorded.

[श्री रा नरेश यादव]

विश्वास है, जम्हूरियत पर हमारा विश्वास है, संविधान में हमारा विश्वास है। लेकिन हम जानते हैं कि आप अपने को संभाल नहीं सकते, अपना रास्ता बदल नहीं सकते। इसलिए मेरा गृह मंत्री से आग्रह होगा कि इस पर गंभीरता से विचार करना होगा कि आखिर ऐसी शक्तियां, अभी हमारे सम्मानित सदस्य सिन्हा जी कह रहे थे कि संविधान में सेकुलरिज्म की आड़ लेकर राजनैतिक दलों पर पाबंदी लगाने की बात सोची जाती है जो कि संविधान के खिलाफ बात हो रही है। मैं कहना चाहता हूं कि यह देश सब का है। इस देश में रहने का अधिकार सब को है और जब सबको अधिकार है, सब को जीने का अधिकार है, सब को राजनैतिक दल बनाने का अधिकार है। लेकिन उनको यह अधिकार नहीं मिलना चाहिए जो उधर सेकुलरिज्म की शपथ लेते हों, संविधान की शपथ लेते हों और आचरण उल्टा करते हों। यह नहीं चलने पायेगा। इसके आधार पर मैं कहना चाहता हूं कि गृह मंत्री जी आप देश के हित में राष्ट्र के हित में, संविधान निर्माताओं की जो मंशा थी उसको ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रपिता बापू के साथ स्वाधीनता संग्राम के दौरान जिन लोगों ने देश के लिए त्याग और बलिदान किया, उन हुतात्माओं को ध्यान में रखते हुए आपको यह निर्णय लेना पड़ेगा कि जो लोग राजनैतिक दल बनाकर संविधान की मान्यताओं को रौंदने का काम करते हैं, इसके लिए आप संविधान में संशोधन करके, चुनाव प्रणाली में संशोधन करके ऐसे लोग जो संविधान की शपथ लेते हैं लेकिन धर्म को राजनीति से जोड़कर सत्ता में आने की कोशिश करते हैं, उन पर आपको पाबंदी लगानी ही चाहिए। ऐसे दलों पर पाबंदी लगानी चाहिए ताकि दोहरी जुबान वह न कह सकें। इलेक्शन कमीशन, रिटर्निंग आफिसर और जनता के लोगों के सामने संविधान की शपथ लेते हैं और दूसरी तरफ वे मस्जिद तोड़ने का काम करते हैं। राम के नाम को बदनाम करके धरती पर खून बहाते हैं और अरबों रुपयों की सम्पत्ति और देश की अस्मिता को तोड़ने की कोशिश करते हैं। इसलिए इस पर बहुत गंभीरता से सोचना पड़ेगा।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि चुनाव तो होंगे ही और चुनाव होना निश्चित है और जनतंत्र का तकाजा भी यही है... (**व्यवधान**)

मैं एक बात जरूर कहना चाहता हूं कि अभी कहा जा रहा था कि पटना में चुनाव हो रहे हैं, और जगह चुनाव हो रहे हैं। वहां पर यह क्यों हो रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि दोनों में फर्क है। यह साधारण चुनाव है और वहां साधारण चुनाव नहीं होंगे। यहां पर इनी-गिनी कुछ सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और इन्हें यह कहकर नहीं टाला जा सकता है। इसके आधार पर यह नहीं कहा जा सकता है कि राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 महीने मत बढ़ाइए। यह चीज इस पर लागू नहीं होती।

महोदय, मैं दो-एक बातें कहना चाहता हूं। महोदय, इन लोगों ने पठ्य-क्रमों में परिवर्तन करने का काम किया है। जो हमारा इतिहास है उसको भी बदलने का काम किया है। आज इसके जो शिशु मंदिर हैं, इन शिशु मंदिर को व्यापक पैमाने पर अपने शासन काल में प्रोत्साहित किया है और वहां से प्रचार का काम किया है। इन की तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिए। इन 6 महीनों की अवधि के अंतर्गत ये बहुत बढ़ रहे हैं और ये लोग इस आधार पर रैलियां करा कर सारा काम कर रहे हैं और गांव-गांव में आतंकवाद फैलाने का काम कर रहे हैं। साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो लोग गेरुवां वस्त्र पहन कर भी एम. पी. लोग हो गए हैं, सन्यासिनी के रूप में भी, उनके लिए भी चाहे प्रदेश में और किसी जगह पर गलत तरीके से जगह दी गयी है उस पर भी ध्यान जाना चाहिए। अगर इस तरफ ध्यान नहीं दिया जाएगा तो सारे आश्रम फिर बन जाएंगे और वहां से इस तरह के काम होंगे। इसलिए इधर भी ध्यान देना पड़ेगा।

इसके साथ-साथ...

श्री कृष्ण लाल शर्मा : यह बतलाइए कि किसको जमीनें दी गयी हैं ?

श्री राम नरेश यादव : मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता हूं ।

आप भी जानते हैं शर्मा जी, । (**व्यवधान**) आप भी जानते हैं क्योंकि आप की सरकार ने किया है । (**व्यवधान**)

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान) : जम्मू कश्मीर में धीरेन्द्र ब्रह्मचारी को किसने जमीन दी थी (**व्यवधान**) आर्म्स फैक्टरी वहां पर बना रहा था (**व्यवधान**)

श्री राम नरेश यादव : मैं आपसे कहना चाहता हूं आप एक काम तो करें (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (सयद सिब्ते रजी) : आप आसन ग्रहण करें (**व्यवधान**) आप उनको खत्म कर लेने दीजिए, यादव जी आप अपनी बात करें (**व्यवधान**)

श्री रामदास अग्रवाल : दिल्ली में योग आश्रम के लिए जमीन दी थी (**व्यवधान**) किसी आश्रम के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जमीन दी है तो कोई गलत काम नहीं किया (**व्यवधान**)

श्री राम नरेश यादव : मैं इसलिए लोकतंत्र के आधार पर, उसकी मर्यादा की रक्षा करते हुए चाहता हूं कि आप लोग भी विचार करें (**व्यवधान**)

DR. NAUNIHAL SINGH (Uttar Pradesh): It is humiliating, it is insulting. (*Interruptions*).

श्री राम नरेश यादव : आप यह भी देखें कि आपने क्या किया है । भंडारी जी चर्चा कर रहे थे कि साहब यह लोग यह कह रहे हैं, यह कर रहे हैं, गवर्नर को हटा कर, मैं कहना चाहता हूं कि आपने क्या किया ? सारी कोआपरेटिव सोसायटीज को उत्तर प्रदेश में भंग किया, जिला परिषदों के चेयरमैन हटाए, अपने लोगों को नामीनेट किया । यह सब क्या तमाशा किया आपने ? उसके आधार पर आप सत्ता में रहने के लिए (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): I will not allow this running commentry. You have got enough time to make your point.

श्री राम नरेश यादव : मैं कन्क्लूड कर रहा हूं । इसलिए मेरा तीसरा सुझाव है राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 महीने के लिए बढ़ रही है, इस बीच में आपको कुछ करना पड़ेगा । करना इसलिए पड़ेगा कि इन लोगों के जितने दुष्कर्म हैं, उनको जनता के सामने लाना पड़ेगा । पूरे प्रदेश के प्रशासन को सही रास्ते पर चलाने के लिए मेरा सुझाव है कि आप एक एडवाइजरी कमेटी बनायेंगे । उस एडवाइजरी कमेटी के जिम्मे यह सौंप दीजिए कि कहाँ पर किस तरह से उन्हें एडमिनिस्ट्रेशन को (**व्यवधान**) . . .

श्री शिवचरण सिंह : एडवाइजरी कमेटी में लोक सभा के सदस्यों को लें । (**व्यवधान**)

श्री राम नरेश यादव : मेरा तो सुझाव यह है कि हमारे इन मित्रों को भी उसमें रखिए ताकि इनको भी मौका मिले देखने का उन समितियों के माध्यम से उनकी सरकार ने क्या किया । हम यह भी जानते हैं कि मस्जिद को ढहाना, यह विवादित ढांचे को नहीं ढहाया गया, यह तो सेकुलरिजम की नींव को ढहाया गया है ऐसे लोगों को भी हीरो बनाने के लिए पिछले दिनों में सारे राज्य में घुमाया गया लेकिन घुमाने के बाद इनका क्या हश्र यह भी इन लोगों को पता है । इसलिए मैं चाहूंगा कि इन सारी बातों को ध्यान में रखा जाए ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, गन्ना किसानों का बकाया है । आपकी सरकार है । बी.जे.पी. की सरकार नहीं है । राष्ट्रपति शासन है । इसलिए आप इस बात की व्यवस्था करें कि गन्ना किसानों का पूरा का पूरा बकाया तीन महीनों के अंदर मिलना चाहिए । उसका बकाया नहीं रहना चाहिए । साथ ही साथ जो खाद है, मैं इसलिए संक्षेप में सुझाव दे रहा हूं कि इस राष्ट्रपति शासन के अन्दर हमको

[श्री राम नरश यादव]

यह काम करने हैं ताकि सामान्य स्थिति बहाल हो सके । यह भी एक काम है जिससे आने वाले दिनों में लोकतंत्र को बहाली ठीक ढंग से की जा सके । आप खाद भी पर्याप्त मात्रा में किसानों को पहुंचाने का काम करें । बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के नाम से एक महान काम इन्दिरा जी ने किया था लखनऊ यूनिवर्सिटी में शिलान्यास करके । मैं केंद्र की सरकार को और प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय इन के नाम पर बनवाने की घोषणा की । मैं यह चाहता हूं कि आप इसकी जल्दी से जल्दी व्यवस्था कराइए ताकि इसका निर्माण ठीक ढंग से और समय पर हो सके । इन शब्दों के साथ मैं यह चाहता हूं कि आप इस पर गम्भीरता से विचार करें । अंत में मैं इस देश के उन सब लोगों से अपील करना चाहता हूं जो धर्म निरपेक्षता में विश्वास रखते हैं, चाहे इधर बैठे हैं या उधर बैठे हैं, चाहे कांग्रेस पार्टी के लोग हों या दूसरी पार्टियों के लोग हों, आइये अब उपयुक्त समय आया है, एक चुनौती है देश के पैमाने पर, चारों ओर देश के अन्दर जो साम्प्रदायिक ताकतें हैं उनका मुकाबला करने के लिए कम से एक बिन्दु पर एक हो कर संघर्ष करें और यह बता दें कि देश और राष्ट्र की एकता और अखंडता को तोड़ने वाली शक्तियों का हाथ तोड दिया जाएगा और उनके विचारों को कुचल दिया जाएगा । उपसभाध्यक्ष महोदय, निश्चित रूप से हमारा देश महान है और इस महानता को सभी लोग मिल कर के रक्षा कर सकेंगे, हम आशा और विश्वास के साथ में मंत्री महोदय द्वारा प्रस्तुत संकल्पों का समर्थन करता हूं । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Mr. K. K. Veerappan. You please try to conclude within seven minutes. (*Interruptions*)

He has consumed his own party time. No extra time has been given to anybody.

*SHRI K. K. VEERAPPAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I think that no other Article of the Constitution has been as thoroughly misused as Article 356. So far, State Governments have been dismissed as many as 87 times by invoking Article 356. It only sounds the death knell of the federal structure. Because of this extraordinary power, the Centre behaves like feudal overlord and treats the States as though they are colonies. With Article 356 hanging over the States like Democle's sword, the States are compelled to tow the line of the Centre. While speaking in the Constituent Assembly, Dr. Ambedkar said that Article 356 shall be there as a symbol and shall not be used against the States. He further opined that under inevitable circumstances, if a State Government is to be dismissed. Article 356 shall be used only as a last weapon. But the parties in power at the Centre have been misusing Article 356 for dismissing State Governments whimsically. Every political party coming to power at the Centre uses this Article as a primary weapon against the States. Right from 1955 to this day, the Union Government has been threatening the States with invoking Article 356.

Sir, using the same Article, the Centre dismissed the DMK Government, which implemented so many welfare schemes, headed by Dr. Kalaingnar Karunanidhi twice, once in January 1976 and again in January 1991. These are glaring examples of misuse of Article 356. Recently, the U.P. Government was dismissed on 6th December, 1992 on the grounds that it failed to comply with the promises it made before the Supreme Court. But on 15th December, 1992, the Centre dismissed the Governments of M.P., Rajasthan and Himachal Pradesh on flimsy grounds. We could at least make out a case in support of the dismissal of U.P. Government. However, the dismissal of M.P., Rajasthan and Himachal Pradesh Governments was against the very spirit of the Constitution. That is why the Madhya Pradesh High Court

*English translation of the original speech delivered in Tamil.

has held that use of Article 356 for the dismissal of M.P. Government is not valid for it is contrary to the spirit of that Article. Now, BJP is making hue and cry about the use of Article 356. But when our DMK Goernment was dismissed, the same BJP did not raise its voice in protest. In Tamil there is a saying which means 'wisdom dawns only when one suffers' That is the case with BJP.

But when BJP Governments in three States were dismissed our leader Dr. Kalaingnar, true to his commitment to the principle of federalism, gave a statement condemning the dismissal. I would like to ask this Government. You talk of break down of law and order and Constitutional machinery whenever you invoke Article 356. But what happened in Karnataka under the Chief Ministership of Mr. Bangarappa? Hundreds of Tamils were killed. Their properties worth crores of rupees were destroyed in Karnataka. Again, in Bombay, there were numerous bomb blasts that killed many people and injured thousands. Yet the Centre did not invoke Article 356. Because they have Congress Governments there, they did not dismiss the State Governments. Therefore, I charge this Government of pursuing double standard.

Mr. Vice Chairman, Sir, our DMK has been demanding for decentralisation of powers for over forty years. We have been asking for State autonomy because of this imperialistic attitude of the Centre. In 1974, when our Dr. Kalaingnar was the Chief Minister of Tamilnadu, he appointed a Commission headed by justice Rajamannar to make a thorough study of devolution of powers between the Centre and the States. The Commission also submitted a report on the matter. Again, in that very year a resolution was adopted in the Tamilnadu Assembly demanding autonomy of States. Only on that line today the centre has appointed Sarkaria Commission to spell out the demarcation of powers between the centre and the States. Sir, I recall,, when DMK demanded autonomy for States, it was dubbed by the Congress and some other parties as a demand for separation. Because we believe in national unity and the federal structure, We have been demanding for State autonomy. Only a federal India can remain united. This has been the stand of DMK all along.

That is why DMK has been repeatedly demanding that Article 356 should be abrogated. I am sure, the BJP would have realised at least now how dangerously this Article could be misused. Happily, they have also begun to realise the necessity of federal structure for India. A question is often posed: Whether there could be a Constitution without such emergency powers? The answer is an emphatic 'yes'. In Germany and America they have Constitutions without any such dangerous provisions.

As regards the resolutions seeking extension of President's rule, I am against it. In a democracy, the people should have the right to choose their Government through election. Therefore, election should be held in these states without further delay. But the facts are contrary to the hopes. Because by-election to Ottappalam in Kerala and Palani in Tamilnadu has been postponed by the Election Commission at the instance of the centre for the Congress predicted defeat there. So, we cannot expect the Centre to order election in these four states so soon. Yet, for the sake of democracy I urge upon the Centre to hold election to these states at an early date at least within another six months.

Sir, I have to clarify one thing. Shri Yashwant Sinha, while speaking on the resolutions said that the reason for the inability of DMK to come to power in Tamilnadu is the decline of people's support to our party. That remark is void of any reason. The only reason at that time was the assassination of Rajiv Gandhi. I can say so assertively because, in three Assembly by-elections later, the DMK had won in two with a big margin. This is the fact.

As I conclude, I once again request the Centre to hold election in these four states as soon as possible.

*SHRI V. RAJAN CHELLAPPA (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to speak on behalf of AIADMK on the resolutions seeking extension of President's rule in the States of Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Himachal Pradesh and Rajasthan. Many hon'ble Members said that Article 356 has been invoked nearly 87 times ever since our Constitution came into being. Indeed, the makers of our Constitution provided this Article as a safety valve, a sacred one that ought not to be used at whims. That is why, hon'ble Members of the Constituent Assembly and also Constitutional experts have opined that in the interest of federal democracy, Article 356 should be carefully handled. But the Governments at the Centre have put this Article to disastrous use causing concern to the fabric of federal structure. That is how the Centre dismissed the Governments of Madhya Pradesh, Himachal Pradesh and Rajasthan. Since this decision was against the spirit of federalism, our AIADMK condemned this dismissal. However, we had a different view regarding the dismissal of Uttar Pradesh Government. Because, you had some reasons for that dismissal. You said they failed to fulfil their promise made in the Supreme Court. We all accepted it. But the Centre had no right to dismiss the three other BJP Governments. That decision was atrocious to say the least.

Sir, we have records to prove that in most cases the use of Article 356 was malicious and fraught with political motives. Of course, there are a few cases where use of this Article proved right. For example in 1976, the DMK Government headed by Mr. Karunanidhi was dismissed by the then Prime Minister late Smt. Indira Gandhi. The DMK Government was dismissed on the basis of certain allegations.

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): They were baseless allegations.

*English translation of the original speech delivered in Tamil.

SHRI V. RAJAN CHELLAPPA: The Assembly election that followed, clearly indicated whether the allegations were true or false. If those allegations were baseless, the people of Tamil Nadu would not have accepted the decision of Smt. Indira Gandhi to dismiss the DMK Government. The people of Tamil Nadu in the next Assembly poll elected Dr. M.G.R. as the Chief Minister of Tamil Nadu. But again in 1980, DMK forged an alliance with Congress during Lok Sabha election in which AIADMK could not do well because of Congress DMK alliance. Just after that Lok Sabha election, the Central Government dismissed the popular Government of Dr. M.G.R. in a highly condemnable manner without any valid reason. They said, because of the debacle in the Lok Sabha poll AIADMK had lost its mandate. But the people of Tamil Nadu elected Dr. M.G.R. again in the Assembly election that followed and showed how mistaken was the argument of the Central Government headed by Mrs. Gandhi.

Sir, I wish to give you two examples of use and misuse of Article 356. In 1991, the then Union Government under Mr. Chandrashekar dismissed the DMK Government headed by Mr. Karunanidhi on the grounds that law and order had broken down in the State. In the election that followed, our hon'ble leader Dr. Puratchithalaivi Jayalalitha was elected Chief Minister with a massive mandate. This is because people of Tamilnadu accepted the invoking of Article 356 against the DMK Government.

SHRI V. GOPALSAMY: When you contested alone Ms. Jayalalitha got only 28 seats.

SHRI V. RAJAN CHELLAPPA: Even today AIADMK can contest alone and win the election.

SHRI V. GOPALSAMY: That we will see...

SHRI V. RAJAN CHELLAPPA: Sir, AIADMK is against the use of Article 356. We are for liberal democracy to

the States. That is why our hon'ble Chief Minister Dr. Puratchi thalaivi stated well before the Ayodhya incident that Ram temple should be built along side the Masjid in order to protect the unity and Integrity of the Country. But the Centre turned a deaf ear. Now every one talks of building both, temple and masjid in Ayodhya. That time no one listened to the valuable suggestion of our leader. Had they accepted her suggestion before 6th December India would not have been put to this kind of shame. Just because the Centre has the power to invoke Article 356, it can't take the States for a ride. Then the Centre will be compelled to abrogate this Article. Just as the kite rises higher and higher with the blow of wind, the demand for abrogation of this Article will snowball as you put it to flagrant misuse.

Sir, the irresponsible attitude of the Centre has set a bad example for the Election Commission. Without rhyme or reason the Election Commission goes about cancelling and postponing poll. It is a matter of deep regret that electoral process is being vitiated for political gainst Sir, I once again call upon the Centre to immediately order polls in these four States.

उपसभाध्यक्ष (श्री सिब्ते रजी) : चौधरी हरि सिंह ।

चौधरी हरि सिंह (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज सदन में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रपति शासन काल को बढ़ाने के संबंध में विचार हो रहा है । महोदय, यह स्थिति क्यों पैदा हुई ? यह कदम केंद्रीय सरकार को क्यों उठाना पड़ा कि इन चार राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू हो ? महोदय, अगर वहां की स्थिति को गौर से देखा जाए, उस पृष्ठभूमि में हम जाएं तो पाते हैं कि उत्तर प्रदेश के अंदर शासन नाम की कोई चीज ही नहीं रह गयी थी । उन्होंने अपने कर्त्तव्य से, अपने अमल से यह बात साबित कर दी थी कि न वे किसी कोर्ट का फैसला मानते थे, न नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल के किसी आदेश को मानते थे, न उनकी स्वयं की स्वीकृति को मानते थे और न किसी समझौते को मानने को तैयार थे । उपसभाध्यक्ष महोदय, वहां शासन की तो यह हालत हो गयी थी कि दफ्तरों के अंदर बजरंग दल, शिव सेना और आर० एस० एस० के लोग लाल दुपट्टा माथे पर बांधकर त्रिशूल लेकर घुस जाते थे और जो मन में आता था, अफसरों से करवाते थे । वहां अधिकारियों का काम करना कठिन और दुश्वार हो गया था । अधिकारियों ने दफ्तरों में बैठना छोड़ दिया था । और यही नहीं, मेरे पूर्व वक्ता

3.00 P.M.

अभी कह रहे थे कि गवर्नर के राज में ट्रांसफर किए जा रहे हैं । बड़ी उनको शिकायत थी । मैं बड़ी मुस्तैदी के साथ और तर्क के साथ यह कहना चाहता हूं कि हमारे प्रदेश, उत्तर प्रदेश में जब मुख्य मंत्री श्री कल्याण सिंह जी थे, उन्होंने बड़े पैमाने पर छह बार ट्रांसफर किए । यह ट्रांसफर सिर्फ आई० ए० एस० और पी सी एस० अधिकारियों के ही नहीं बल्कि छोटे अधिकारियों से लेकर सब दर्जे के अधिकारियों के ट्रांसफर किए, पुलिस को और यह इसलिए कि उनको मंदिर के नाम पर चुनाव लड़ना था । मैं कहना चाहता हूं कि करोड़ों रुपया ट्रांसफर के लिए भत्ते के रूप में अधिकारियों को खर्चा देना पड़ा । आप कहते हैं कि गवर्नर के राज में ट्रांसफर हो रहे हैं । उत्तर प्रदेश में तो कोई ट्रांसफर ही नहीं हो रहा । जो आर० एस० एस० के पुख्ता लोग हैं, जो राज्य कर्मचारी नहीं हैं, जो आर० एस० एस और बी० जे० पी० के कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहे हैं, सरकारी कर्मचारी की भावना से काम नहीं कर रहे हैं, जो कमिश्नर हैं, उनमें कलेक्टर हैं, आई० पी० एस० हैं मैं नाम नहीं लेना चाहता, उत्तर प्रदेश में गवर्नर राज में भी, माननीय गृह मंत्री जी, उनके ट्रांसफर नहीं हुए और उलटे यह शिकायत कर रहे हैं ।

महोदय, मिसाल के तौर पर मैं कहना चाहता हूं, गौतम जी बोलेंगे, बड़े सिपाही हैं, मैं उनके सामने ही कहना चाहता हूं

[चौधरी हरि सिंह]

कि हमारे खुर्जा तहसील, बुलंदशहर के अंदर रायट्स के सिलसिले में छह/सात मुलजिम, जो असली मुलजिम थे, वह पकड़े गए । कर्फ्यू लगा हुआ था। होता क्या है कि कर्फ्यू के बाद भी बजरंग दल के लोग, शिव सेना के लोग, आर. एस.एस. के लोग, बी.जे.पी. के लोग मजमा बन कर, ला एण्ड आर्डर की परवाह न करते हुए, कर्फ्यू लगा है उसकी परवाह न करते हुए, थाने पर चढ़ गए और थाने के दफ्तर को जला दिया, तोड़ दिया और वहां से मुलजिम निकाल कर ले गए । वहां जो अधिकारी थे ए.डी. एम., उनकी पिटाई कर दी, एस.डी.एम. की पिटाई कर दी । अफसोस यह है कि जो वहां का इन्चार्ज कोतवाल था, वह अब भी वहां मौजूद है, और आप कहते हैं कि ट्रांसफर किए जा रहे हैं । मैं शिकायत करता हूं कि यह जो आर.एस.एस. का कोतवाल है, इसको आप हटाइए, माननीय गृह मंत्री जी । वह आज तक नहीं हट पा रहा और शिकायत यह करते हैं ।

मैं कहना चाहता हूं, गृह मंत्री जी, आप चाहते हैं उत्तर प्रदेश के अंदर एक स्मूथ फंक्शनिंग हो, तटस्थ एडमिनिस्ट्रेशन चले तो आपको बड़ी ईमानदारी से देखना पड़ेगा कि बी.जे.पी. ने जो वहां कर्म किया जो बड़ा डेन्जर्स है और डैन्जर्स इसलिए है कि आपके शिशु मंदिर क्या करते हैं, आप उनका कैरीकुलम है, जो उनकी शिक्षा है, माध्यम नहीं कह रहा, जो उनका पाठ्यक्रम है, जो उनका इतिहास है, जो पुस्तक है, जो सिविक्स है, उनके लिए तो सारा धर्म और शिक्षा की एक ही मंशा है कि वह फासिस्ट क्रिएट करना । वह राष्ट्रभक्ति के नाम पर मानवता के एन्टी पैदा करते हैं, वह हिन्दू-मुसलमान के बीच एक दीवार दिलों में खड़ी करते हैं बचपन से और बचपन में जो बात डाल दी जाती है, वह आखिर तक रहती है ।

